


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 205 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 28 अप्रैल 2025 डाक 29 अप्रैल 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
पुष्कर सिंह धामी ने श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर आयोजित होने वाले सेवक भंडारे के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**देश-विदेश**
हिजबुल्ला की कमर तोड़ने पर अड़ा इजरायल युद्धविराम के बाद तीसरी बार बेरूत पर बोला हमला



**फीचर पेज**
चेहरे पर तरबूज के छिलके रगड़ने से मिल सकते हैं ये 5 फायदे



# 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाया गया, पाकिस्तान के खिलाफ लगातार एक्शन जारी

**नईदिल्ली, 28 अप्रैल [एजेंसी]।**




जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भड़काऊ और संवेदनशील सांप्रदायिक सामग्री फैलाने के लिए भारत ने कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर कड़ी कार्रवाई की है। कुल 63 मिलियन सब्सक्राइबर वाले 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिन चैनलों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर का यूट्यूब चैनल भी शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिशों के बाद यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाया गया है। गृह मंत्रालय की सिफारिशों पर सरकार ने भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ भड़काऊ झूठे, भ्रामक बयान और गलत सूचना प्रसारित करने के लिए ये फैसला लिया है। डॉन न्यूज, समा टीवी, जियो न्यूज सहित 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पहलगा अटैक के बाद से भारत पाकिस्तान के लिए ताबड़तोड़ फैसले ले रहा है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक में भारत ने सिंधु जल समझौते को रोकने का फैसला लिया था। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि भारत ने सिंधु जल समझौते को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। यह कदम भारत-पाकिस्तान संबंधों में बढ़ते तनाव के मद्देनजर उठाया गया है। इसके साथ ही, सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क के तहत जारी किए गए सभी वीजा छूट रद करने का फैसला भी किया है। इसके अलावा भारत में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास को बंद करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी राजनयिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का निर्देश दिया है।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक्शन में जम्मू-कश्मीर पुलिस
## डोडा जिले में 13 जगहों पर की ताबतोड़ छापामारी

**डोडा 28 अप्रैल [एजेंसी]।**

जम्मू और कश्मीर पुलिस ने सोमवार सुबह डोडा जिले में 13 स्थानों पर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने और आतंकी गतिविधियों से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए छापे मारे।इससे पहले, श्रीनगर पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के ओवर ग्राउंड वर्कर्स और आतंकवादी सहयोगियों के आवासों और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की जांच को आगे बढ़ाने के लिए शहर भर में कई स्थानों पर व्यापक तलाशी ली।

## बीयर बम से जवानों को उड़ाने की साजिश नाकाम



**बीजापुर।** जिले में नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा संयुक्त अभियान जारी है। सुरक्षाबल इस ऑपरेशन में लगातार बड़ी सफलता हासिल कर रहे हैं। कर्रेगुट्टा के जंगलों में चल रहे इस ऑपरेशन में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है और उन्हें बड़ा धक्का देने में सुरक्षाबल सफल हुए हैं। इस अभियान में सीआरपीएफ, डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और ग्रेहाउंड फोर्स के हजारों जवान तैनात हैं। ऑपरेशन की निगरानी के लिए ड्रोन और सैटेलाइट से मदद ली जा रही है जिससे पहाड़ी इलाकों में चल रहे इस अभियान की पूरी जानकारी सुरक्षाबलों तक पहुंचाई जा रही है। जिसमें जवानों ने बड़ी सफलता हासिल की है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के खिलाफ इस ऑपरेशन के दौरान बीयर बम सहित अन्य विस्फोटक बरामद किए हैं। यह ऑपरेशन इलाके में लगातार जारी है और जवानों ने जंगल के भीतर छुपे हुए विस्फोटकों को बड़ी सतर्कता से ढूंढ निकाला। इसके अलावा, सुरक्षा बलों ने जमीन खोदकर और भी बमों को बरामद किया जिससे क्षेत्र में संभावित खतरे को टाला गया।

## रायगढ़ में दो पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार कोडतराई में फर्जी वोटर कार्ड बनाकर रह रहे थे



**रायगढ़ 28 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में महिला अर्निश शेख और पुरुष ईफ्तिखार शेख शामिल हैं। ये दोनों आरोपी रायगढ़ के कोडतराई क्षेत्र में फर्जी मतदाता पहचान पत्र बनवाकर लंबे समय से रह रहे थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन दोनों को हिरासत में लिया। पूछताछ में पता चला कि दोनों का जन्म पाकिस्तान के कराची शहर में हुआ था और वे अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कर यहां की नागरिकता का लाभ उठा रहे थे।

# जम्मू-कश्मीर के विधायकों ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए मौन रखा

**जम्मू, 28 अप्रैल [एजेंसी]।**



पहलगाम आतंकी हमले पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने कहा, ...मुझे लगता है कि देश में हमारी पहली विधानसभा है जो इस घटना की निंदा करते हुए प्रस्ताव ला रही है....कश्मीरी और कश्मीरी मुसलमान दुश्मन नहीं हैं। पूरे देश को कश्मीर के साथ खड़ा होना चाहिए...उन्हें (आतंकवादियों को) पकड़ना और सलाखों के पीछे डालना हमारा अधिकार है। पहलगाम आतंकी हमले पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के विशेष सत्र पर जम्मू-कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा, यहां पर्यटक के तौर पर आए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की जाएगी, लेकिन यहां से सिर्फ उनके शव ही वापस गए। यह बहुत दुखद है। हम इसके खिलाफ एकजुट हैं। यह आज का एजेंडा है... जिस तरह से मुख्यमंत्री ने सर्वदलीय बैठक में प्रस्ताव लाया, हम उसका स्वागत करते हैं...जम्मू-कश्मीर के विधायकों ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए मौन रखा।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए आज एक दिवसीय सत्र बुलाया है। पहलगाम हमले के बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया था। इस आग्रह को उपराज्यपाल ने स्वीकार करते हुए 28 अप्रैल को विशेष सत्र बुलाने की मंजूरी दी थी। नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा ने कहा कि बीते दिनों हुई सर्वदलीय बैठक में सभी ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई।

# शराब ठेकेदारों पर ईडी ने कसा शिकंजा, 11 जगहों पर हुई छापामारी, जालसाजी का भंडाफोड़



**नईदिल्ली, 28 अप्रैल [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के कई जिलों में शराब बैन होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी एक्टिव मोड में आ गया है। ईडी ने मंदसौर में कई जगहों पर छापेमारी की है। इस दौरान शराब ठेकेदारों से जुड़े 11 परिसरों की तलाशी ली गई और कई चीजें जब्त भी कर ली गई हैं। शराब ठेकेदारों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने यह जांच शुरू की है। मंदसौर के कई शराब ठेकेदारों पर आरोप है कि उन्होंने जालसाजी और हेरफेर के जरिए सरकारी राजस्व को 49,42,45,615 रुपये का नुकसान पहुंचाया है। साथ ही शराब ठेकेदारों ने वित्त वर्ष 2015-16 से वित्त वर्ष 2017-18 के बीच शराब अधिग्रहण के लिए अवैध रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) हासिल किया है। इन्हीं अपराधों के मद्देनजर शराब ठेकेदारों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। ईडी की शुरुआती जांच में कई चौंकाने वाले पहलू सामने आए हैं। मसलन शराब ठेकेदार कम पैसों का चालान भरते थे और फिर चालान की रकम को बढ़ाकर आबकारी कार्यालय में जमा करते थे। पहले ठेकेदार छोटी-छोटी रकम के चालान कटवाते थे और फिर चालान की रसीद में रकम बढ़ाकर आबकारी कार्यालय में जमा कर देते थे।

मगर अब ईडी ने इस जालसाजी का भंडाफोड़ कर दिया है। इन सभी शराब ठेकेदारों पर धन शोधन निवारण अधिनियम , 2002 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी कड़ी में ईडी ने शराब ठेकेदारों के 11 ठिकानों पर छापा मारा है। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## पटना में बुलडोजर एक्शन से मचा हड़कंप, दो दर्जन से अधिक दुकानों को किया गया ध्वस्त



**पटना सिटी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर रविवार को मसौढ़ी मोड़ से जीरो माइल तक विरोध के बीच अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। सड़क किनारे अतिक्रमण कर लगाई गई लगभग दो दर्जन से अधिक झोपड़ीनुमा दुकानों को हटाया गया। जिला प्रशासन के एकशन के बीच दुकानदारों का कहना था कि जिला प्रशासन पहले वैकल्पिक व्यवस्था कर दुकानों को हटाती। झोपड़ी वाले दुकानदारों ने दुकान से अपना सामान निकाल लिया, उसके बाद जेसीबी से झोपड़ीनुमा दुकानों को हटाया गया। पटना नगर निगम अजीमाबाद अंचल के अतिक्रमण हटाओ प्रभारी बिट्टू कुमार ने बताया कि अभियान में जेसीबी, टीपर व रामकृष्ण नगर की पुलिस बल भी साथ में थी। प्रभारी ने बताया कि पहले माइक से अतिक्रमण हटाने का भी निर्देश दिया गया था। इसके अलावा सड़क किनारे लगाई गई बसों को भी हटाया गया।

## पहले आर्मी चीफ, फिर पीएम मोदी से मिले राजनाथ सिंह
## पहलगाम हमले पर दोपहर 3 बजे संसदीय समिति की होगी बैठक



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात करने पहुंचे। रक्षा मंत्री ने पीएम मोदी से लंबी बातचीत की। पीएम मोदी के आवास पर 40 मिनट तक चली बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शामिल थे। इस बीच खबर आ रही है कि रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की भी आज दोपहर 3 बजे बैठक होगी। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब एक दिन पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने रक्षा मंत्री को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान का मुकाबला करने के लिए लिए गए प्रमुख निर्णयों के बारे में जानकारी दी थी। इस मुलाकातों से अटकलें तेज हो गई है कि भारत जल्द ही पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कदम उठा सकता है।

## मेरे शब्दों की गलत व्याख्या की गई..., पहलगाम हमले पर विवादित बयान के बाद क्या बोले रॉबर्ट वाड्रा?



**नईदिल्ली, 28 अप्रैल [एजेंसी]।**

पहलगाम हमले पर बयान देने के बाद से रॉबर्ड वाड्रा सवालों के कठघरे में हैं। उन्होंने मुसलमानों को कमजोर बताते हुए इस हमले की वजह बीजेपी की हिन्दुत्व वादी नीति को ठहराया था, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर विवाद शुरू हो गया। वहीं, अब रॉबर्ड वाड्रा ने अपने बयान पर सफाई पेश की है। फेसबुक पर पोस्ट शेयर करते हुए रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। लोग उनके बयान का पूरा मतलब नहीं समझ पाए। उन्होंने साफ किया है कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या किसी मायने में सही नहीं थी। मैं ये शब्द पूरी ईमानदारी और सच्चाई के साथ लिख रहा हूं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप इन्हें उसी ईमानदार भावना के साथ ग्रहण करें, जिस भावना से ये लिखे जा रहे हैं। यह स्पष्ट है कि मैंने जो कुछ साझा किया, उसे उसके संपूर्ण संदर्भ में ठीक तरह से नहीं समझा गया। चूंकि मेरे इरादों की गलत व्याख्या की गई, इसलिए मैं समझता हूं कि उन्हें स्पष्ट करना मेरी जिम्मेदारी है। रॉबर्ट वाड्रा का कहना है कि मैंने कुछ दिन मौन रहकर इंतजार करने का फैसला किया, लेकिन इसे खामोशी, उदासीनता या देशभक्ति की कमी न समझा जाए। असल में, अपने देश के प्रति मेरे गहरे प्रेम, सत्य के प्रति मेरे अगाध सम्मान और समर्पण के प्रति मेरी प्रतिबद्धता के कारण ही मैंने बोलने से पहले चिंतन करने का समय लिया।

पहलगाम में जो आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें निर्दोष लोगों की जान ली गई और उनके परिवार बिखर गए, उसकी मैं कड़ी से कड़ी निंदा करता हूं। मैं भारत के साथ खड़ा हूं और हमेशा खड़ा रहूंगा। राजनीतिक, धार्मिक या वैचारिक - किसी भी रूप में ऐसा कोई तर्क नहीं है जिसके सहारे निर्दोष- निहत्थे लोगों के विरुद्ध हिंसा को माफ किया जा सके। रॉबर्ट वाड्रा ने आगे लिखा कि किसी भी रूप में आतंकवाद न केवल इंसानों पर बल्कि समूची इंसानियत की आत्मा पर हमला है। यह हर इंसान के भयमुक्त जीवन जीने के बुनियादी अधिकार को खत्म कर देता है। निर्दोष लोगों के खून बहाने के कृत्य को जायज ठहराने के लिए कोई भी कारण, कोई भी तर्क उचित नहीं हो सकता। जिनका जीवन छिन गया, जिनका भविष्य छिन गया, जिनके दिल अकल्पनीय दुःख से भर गए हैं - उन सबके लिए मैं शोक व्यक्त करता हूं।

## दिल्ली पहुंचे साउथ एक्टर अजित कुमार पद्म भूषण से सम्मानित किए जाएंगे अभिनेता



**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार अजित कुमार को जनवरी 2025 में देश के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। अब अभिनेता व्यक्तिगत रूप से यह सम्मान ग्रहण करने के लिए तैयार हैं। अजित अपनी पत्नी शालिनी और बच्चों के साथ 28 अप्रैल, 2025 को दिल्ली पहुंच चुके हैं। वह राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म भूषण सम्मान प्राप्त करेंगे।







स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# 3.31लाख की पड़ी व्हाट्सअप की लिंक

## पीड़ित का आरोप- सहयोग के बजाय अभद्रता की निजी बैंक ने

**कोरबा।** ठगी को अंजाम देने के लिए गिरोह नए-नए तरीके अपना रहा है। कभी ईडी, तो कभी सीवीआई के नाम से लोगों को डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर उनसे रुपए की उगाही कर रहा है, तो कभी व्हाट्सएप पर लिक भेजकर लोगों को निशाना बना रहा है।

दरी के साहा कॉलोनी में क्रेडिट कार्ड से तीन लाख 31 हजार 988 रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। यह लेनदेन सात किस्तों में किया गया है। कार्डधारी ने कहना है कि उसने कभी ओपीडी का नंबर साझा नहीं किया। अब यह घटना सामने आने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले कंपनी पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बताया जाता है कि जमनीपाली के साडा कॉलोनी में रहने वाले रामेश्वर प्रसाद राठौर के डी-मार्ट रेडी एप से किसी सामान की ऑनलाइन खरीदी की थी। उन्होंने सामान की कीमत का भुगतान अपने क्रेडिट कार्ड से करना चाहा, जो असफल रहा। इसके कुछ समय बाद रामेश्वर प्रसाद के मोबाइल पर एक अंजान व्यक्ति का कॉल आया। उसने बताया कि भुगतान असफल हो गया है। इसलिए दोबारा भुगतान करें।

कॉलर ने रामेश्वर को व्हाट्सएप के जरिए रामेश्वर प्रसाद को एक लिंक भेजा। लिंक के जरिए रामेश्वर के मोबाइल पर एप को इस्टॉल करने के लिए कहा। रामेश्वर ने पुलिस को बताया कि उसने जैसे लिंक का जैसे ही टच किया, वैसे ही उसके मोबाइल पर मैसेज आने लगा। तीन किस्तों में रामेश्वर के क्रेडिट कार्ड से एक लाख 60 हजार 994 रुपए की निकासी हुई। यह देखकर रामेश्वर घबरा गया और उसने क्रेडिट कार्ड को जारी करने वाले बैंक आईसीआईसीआई के कस्टमर केयर में फोन किया। वहां से क्रेडिट कार्ड को ब्लॉक कराया। रामेश्वर ने साइबर सेल के नंबर 1930 पर भी संपर्क किया। क्रेडिट कार्ड से संबंधित जरूरी सूचना को साझा किया। इसके बाद रामेश्वर आईसीआईसीआई बैंक पहुंचा और उसने क्रेडिट कार्ड से हुई ठगी की जानकारी दी। इसके बाद रामेश्वर घर लौट गया।

अगले दिन रामेश्वर के मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड से हुई खरीदी का बिल आया। इसमें रामेश्वर के क्रेडिट कार्ड से अलग-अलग किस्तों में तीन लाख 81 हजार 988 रुपए का जिक्र किया गया था। यह देखकर रामेश्वर घबरा गया और वह फिर दोबारा आईसीआईसीआई बैंक के शाखा पहुंचा। रामेश्वर का आरोप है कि जब उसने बैंक के शाखा को क्रेडिट कार्ड से हुई ठगी की जानकारी हुई तब बैंक के स्थानीय प्रबंधन ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की, बल्कि अभद्र व्यवहार करते हुए रामेश्वर को घर लौटा दिया गया। रामेश्वर ने पुलिस को बताया कि उसने अपने मोबाइल पर आने वाले किसी भी ओटीपी को ठगों के साथ साझा नहीं किया और ना ही उसने क्रेडिट कार्ड से किसी तरह का लेनेदन किया है। इसके बाद भी उसके नाम पर बिल जारी किया गया है। रामेश्वर ने इस घटना की शिकायत दर्री थाने में दर्ज कराया है। उसने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ठगी करने वाले गिरोह की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही गिरोह के बारे में साइबर सेल के मदद से जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही गिरोह को पकड़ लिया जाएगा।

# इनफ्लैटोमीटर से पानी में मिट्टी के प्रवेश की प्रक्रिया जानी छात्रों ने

## राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह पर हुई गतिविधियां जिले में



**कोरबा।** बढ़ते हुए तापमान, जल संकट व अंधाधुंध वृक्षों की कटाई की समस्या को देखते हुए राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद की ओर से जिले के प्रत्येक विकासखंड से तीन विद्यालयों का चयन राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह मनाने के लिए किया गया। शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी का भी चयन राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह पौधरोपण व जल संरक्षण जन जागरूकता कार्यक्रम मनाने के लिए हुआ। कार्यक्रम प्रभारी प्रभा साव ने विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्रथम दिवस चित्रकला निबंध, स्लोगन, लेखन प्रतियोगिता रखी गई। इसमें चित्रकला में अंशु तिवारी, दुर्गा, लक्ष्मी चौहान, अकित एक्का, नीलिमा भारिया, अंजनी व स्लोगन में चंचल पटेल, भारती, डिंपल, इशिका निबंध में लक्ष्मी मेलगाण्डी, इंद्र कुमार, लक्की, शुभम, आकृति आदि विद्यार्थी शामिल हुए। द्वितीय दिवस संकुल के सभी शिक्षकों, व्याख्याता एवं विद्यार्थियों को जल बचाओ, जीवन बचाओं, हर बूंद-बूंद से भविष्य बचाओ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके तहत उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी आदत जैसे नल की खुली टोटी को बंद करना, लीक नल टेप के नीचे बाल्टी, रखना, कम से कम पानी का उपयोग

दैनिक कार्यों में करना आदि दैनिक कार्यों से जल की बचत की जा सकती है। साथ ही वाटर हार्वेस्टिंग और सोखता गड्?ढे का निर्माण अनिवार्य रूप से सभी विद्यालयों में करने कहा गया। तृतीय दिवस सिंगल रिंग इन्फिलट्रोमीटर परीक्षण प्रक्रिया द्वारा मिट्टी में पानी के प्रवेश दर को मापने परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता प्रभा गुप्ता, सरोजिनी उईक पुष्पा बघेल अतिथि शिक्षक मोनिका शर्मा ने सहयोग किया।

# शिविर में बच्चों ने योग के कई आसन सीखे

**कोरबा।** दर्री के दुर्गा पंडाल में पतंजलि योग समिति ने योग शिविर का आयोजन किया, जिसमें रामेश्वर प्रसाद पांडेय ने कहा कि सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक डेढ़ घंटे के शिविर में लोगों को यौगिक जागिंग, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और विभिन्न रोगोपचार आसन मण्डुकासन, मकरासन, सलभासन, भुजंगासन, मर्कटासन, पवन मुक्तासन, शशकासन, योग मुद्रासन समेत अन्य आसनों का अभ्यास कराया। शिविर में पहुंचे लोगों को योगाभ्यास कराने में इंद्राणी पांडेय ने भी सहयोग किया। इस मौके पर मनीष अग्रवाल, रवि, कृष्णा अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, पुष्पा, राजेश गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे।



# गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्रों में जांच की सुविधा

## बुधवार को प्राथमिक और माह के 9 एवं 24 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में है व्यवस्था

**कोरबा ।** जिला अस्पाताल एवं मेडिकल कॉलेज सहित जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच और उपचार की व्यवस्था है। यहां महिला चिकित्सक व गायनकोलॉजिस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है, उन्हें प्रसव से संबंधित जानकारी प्रदान करने के साथ जन्म से पहले आवश्यक देखरेख और सावधानी के विषय में बताया जाता है। किसी प्रकार की समस्या आने पर गायनकोलॉजिस्ट द्वारा उपचार किया जाता है। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बुधवार और माह के प्रति 9 तथा 24 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गायनकोलॉजिस्ट उपचार एवं परामर्श हेतु निर्धारित समय पर उपस्थित होती है। जिसमें कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्यांग में माह के प्रथम बुधवार को, लेमरू में चौथे बुधवार को, पाली के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सपलवा में माह के प्रथम बुधवार को, हरदीबाजार में चौथे बुधवार को, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत पसान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में माह के प्रथम बुधवार को, जटगा में चौथे बुधवार को, करतला के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरगबुंदिया में माह के प्रथम बुधवार को, कोथारी में द्वितीय बुधवार को, फरसवानी में तृतीय बुधवार को और चिकनीपाली में चौथे बुधवार को, कटघोरा ब्लॉक के अंतर्गत



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीपका में प्रथम बुधवार को तथा चाकाबुड़ा में चौथे बुधवार को गायनकोलॉजिस्ट महिला चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच तथा उपचार की जाती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान योजना के अंतर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी माह के 9 और 24 तारीख को गायनकोलॉजिस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच तथा उपचार किया जाता है। यहां गर्भवती महिलाओं की जांच कर जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर आवश्यक जांच, सलाह तथा उपचार प्रदान किया जाता है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को निगरानी में रखने के साथ आवश्यकता पड़ने पर उपचार के लिए बुलाया जाता है, ताकि वे प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा स्वस्थ्य रहे। उन्हें आवश्यक लैब जांच की सुविधा भी प्रदान की जाती है। जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो, जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज में कोई भी गर्भवती महिला निशुल्क जांच करा सकती है और उपचार प्राप्त कर सकती है। जिले में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक कुल 4060 उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की जांच की गई है, जिसमें करतला ब्लॉक में 441, कटघोरा में 779, कोरबा में 594,पाली में 607,पोड़ी उपरोड़ा में 671 और ष्शहरी क्षेत्र में 977 की जांच की गई है। कलेक्टर अजीत वसंत ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सभी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित दिवस में गायनकोलॉजिस्ट महिला चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं और कोई भी गर्भवती महिला जांच तथा समय पर उपचार से वंचित न हो।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं का गाइडलाइन के अनुसार समय पर जांच करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की स्थिति का पता शुरूआती जांच में पता लग जाएं और उनका उपचार समय पर हो, ताकि प्रसव सुरक्षित हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती महिलाओं के उपचार से संबंधित जानकारी और गायनकोलाजिस्ट की उपस्थिति की जानकारी प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए।

# सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण करें निराकरण : कलेक्टर

## भर्ती प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में करें पूर्ण

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य की शतप्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया जाए। कोई भी आवेदन लंबित न रहे। कलेक्टर ने एनएचएम के भर्ती प्रक्रिया निश्चित समय सीमा में पूर्ण न करने पर संबंधितों के विरूद्ध कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओं को दिए। उन्होंने जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शत प्रतिशत संस्थागत सुरक्षित प्रसव कराएं जावे। कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वस्थ अमले को निर्देशित किया कि विशेष पिछड़ी जनजाति वाली ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता से टीबी मुक्त किया जाए।समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस एन केशरी तथा समस्त कार्यक्रम नोडल अधिकारी, डीपीएम,समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, समस्त बीपीएम एवं विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। समीक्षा के दौरान सीएमएचओ डॉ एस एन केशरी द्वारा समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लक्ष्य एवं उपलब्धि की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को अपने ड्यूटी टाइम में चिकित्सालय में उपस्थित रहकर मरीजों का इलाज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीवीटीजी बसाहटों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ पहुचाने के निर्देश दिए। शिविर में उनका आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण, खून, शुगर, बीपी की जांच, आयुष्मान कार्ड बनाने आदि जैसे अनेक स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से लाभांवित करने के लिए कहा। इन बसाहटों में टीबी मरीजों का कांटेक्ट ट्रेसिंग कर उन्हें दवाइयां, निक्षय मित्रों के माध्यम से तथा टेस्ट का रेशियो पूरा करने की बात कही। उन्होने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड एवं दिव्यांग प्रमाणपत्र प्राथमिकता से बनायें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी केंद्रों में आवश्यक सभी दवाइयां की शत प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिले में संस्थागत प्रसव की उपलब्धि की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शत प्रतिशत प्रसव



संस्थागत कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सब हेल्थ सेंटर में संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने की बात कही। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा उप स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव अनिवार्य रूप से कराने के लिए कहा। इस हेतु मितानिनों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का पंजीयन उनका नियमित स्वास्थ्य जांच एवं फालोअप लेने की बात कही। उन्होंने मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु आवश्यक सभी प्रयास करने की बात कही। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की टीका, कुष्ठ उन्मूलन, क्षय रोग, टी.बी. एड्स, हाइपरटेंशन, अंधत्व निवारण, चश्मा वितरण, विटामिन दवा, मनोरोग चिकित्सा, लैब आन व्हील्स कार्यक्रम की भी समीक्षा करते हुए योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सभी अधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने डीएमएफ मद के तहत नियुक्त किए गये चिकित्सकों के ड्यूटी कार्य की जानकारी ली। उन्होंने डीएमएफ एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सभी रिक्त पदों पर शीघ्र ही भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होने चयनित चिकित्सक या अन्य अभ्यर्थियों के द्वारा ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने पर प्रतीक्षा सूची से अभ्यर्थियों का चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित गायनकोलॉजिस्ट द्वारा उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की जांच स्वास्थ्य केंद्रो में समय पर सुनिश्चित की जाएं और उसका फॉलो अप ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर जरूर लेवें। कलेक्टर ने जिला आयुर्वेद अधिकारी को निर्देश दिए कि आयुष विभाग अंतर्गत ओपीडी और आईपीडी का संचालन जल्दी प्रारंभ कराया जाएं ताकि आम नागरिकों को लाभ मिल सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों में डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कराए। कलेक्टर ने शासकीय चिकित्सालयों में वेंडरों के द्वारा सप्लाई की गई चिकित्सा उपकरणों की जांच स्पेशिफिकेशन के अनुसार करने तथा सामग्री के टूट-फूट होन पर उसे वापस करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ उदय शर्मा को निर्देशित किया कि योग शिविर, जीवन पद्धति में सुधार, तनावमुक्त जीवन शैली के लिए श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में लगाकर लोगों को लाभन्वित किया जाएं।

# 21 हाथियों ने कलमी टिकरा में 7 किसानों की फसल रौंदी

**कोरबा ।** वन मंडल कोरबा में हाथियों की संख्या 79 हो गई है। धरमजयगढ़ वन मंडल से पहुंचे 21 हाथियों ने कलमीटिकरा में 7 किसानों की फसल को चौपट कर दिया। लेमरू रेंज में घूम रहे 39 हाथियों ने अरेतरा में भी फसल को नुकसान पहुंचाया है। एक दिन पहले ही 13 किसानों की फसल को चौपट किया था। हाथी अब 4 झुंड में बंट गए हैं।कुदमुरा रेंज में पहले तीन हाथी घूम रहे थे। अब इनकी संख्या 21 हो गई है। धरमजयगढ़ वन मंडल कुदमुरा रेंज से लगा हुआ है। इसकी वजह से वहां से खदेड़ने पर हाथी मांड नदी पार कर कुदमुरा पहुंच जाते हैं। हाथियों का झूंड कलमीटिकरा से होकर ही आते हैं। इसके आगे कोइलार परिसर धरमजयगढ़ वन मंडल का हिस्सा है। बालको रेंज में 13 हाथी अभी भी फुटका पहाड़ के आसपास ही घूम रहे हैं। लेमरू रेंज में घूम रहे 45 हाथी दूसरे दिन भी अरेतरा में धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

## रक्तदान शिविर 30 मार्च को लगेगा

**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के तत्वावधान में अक्षय तृतीया पर 30 अप्रैल को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। यह शिविर पावर हाउस रोड स्थित श्वेता नर्सिंग होम में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। मायुमं जागृति शाखा के अध्यक्ष दुर्गा बजाज ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने का आह्वान किया है।

# लायंस क्लब कटघोरा-छुरी ने शुरू की प्याऊ सेवा



कटघोरा। लायंस क्लब कटघोरा-छुरी द्वारा गवर्नमेंट प्रायमरी स्कूल के बगल में राहगीरों की सुविधा के लिए प्याऊ सेवा शुरू की है। जिसका शुभारंभ रविवार को नगर निरीक्षक कटघोरा धर्मनारायण तिवारी ने किया। इस मौके पर नगर निरीक्षक बांगो दुर्गेश वर्मा, सहायक निरीक्षक राजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष दीपक गर्ग ने बताया कि हर वर्ष गर्मी में सेवा स्टाल लगाया जाता है। मुख्य अतिथि तिवारी ने कहा कि क्लब के द्वारा किए जा रहे सेवा के कार्य सराहनीय हैं। गर्मी में पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। इस भीषण गर्मी में लोगों को अपने घरों के बाहर जानवरों के लिए व घर की छतों पर पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। इस अवसर पर माइक्रो चेयरपर्सन अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष दीपक गर्ग, संरक्षक प्रताप वाटवानी, उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, राजूदास दीवान, मुकेश गोयल, मुकेश गुप्ता, नितिन मित्तल, सुधीर पांडेय, सहित राजेश गुप्ता, दिनेश बंसल सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# बीएसएनएल सेवाओं को बेहतर बनाने पर हुई चर्चा

**कोरबा ।** बीएसएनएल (दूरसंचार) सलाहकार समिति की बैठक बिलासपुर में शुक्रवार को आयोजित हुई। जिसमें कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत की ओर से उनके प्रतिनिधि के रूप में दिनेश सोनी शामिल हुए। सांसद प्रतिनिधि दिनेश सोनी ने सांसद द्वारा दिए गए प्रस्ताव को बैठक में रखा और शीघ्र उस पर क्रियान्वयन किए जाने के लिए जोर दिया।इसके अतिरिक्त बीएसएनएल उपभोक्ताओं की सुविधा को अधिक से अधिक बढ़ाए जाने पर जोर दिया। सोनी ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के शहरी इलाकों में जहां बीएसएनल का नेटवर्क कई बार कमजोर हो जाता है तो दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी सुविधा अपेक्षाकृत उपलब्ध नहीं होने के कारण संचार सुविधा का लाभ ग्रामवासियों को नहीं मिल पाता है।बीएसएनल को अपने नेटवर्क के साथ-साथ टैरिफ के मामले में भी राहत देने की जरूरत है। सोनी ने सुझाव दिया कि बीएसएनएल अपनी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करे ताकि जनता के बीच विश्वास को और मजबूत किया जा सके व कंपनी को लाभ हो। कोरबा सांसद ने महाप्रबंधक बीएसएनएल से विभिन्न बिंदुओं को इस बैठक में शामिल करने पत्र लिखा, जिसे सोनी ने प्रस्तुत किया। पत्र में कहा है कि कोरबा के पाली-तानाखार विधानसभा के हाथी प्रभावित गांव एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र के हाथी प्रभावित गांव चोटिया, सिरमिना, दमऊकुंडा, सलिहाभाठा, एतमानगर, सरभोका, बंजारी, आमाटिकरा, अमझर, परला, पसान, मोरगा, केंदई, गुरसियां आदि गांव एवं रामपुर विधानसभा के पसरखेत, जिल्गा, कुदमुरा, बरपाली, लेमरू आदि में बीएसएनएल का टावर लगवाया जाए, पर्यटन स्थल सतरेंगा, केंदई, बुका, चैतुरगढ़, देवपहरी जैसे स्थलों में नेटवर्क न होने के समान है, यहां भी टावर की सुविधा दी जाए, मड़वारानी पहाड़ के ऊपर पहाड़गांव, मातिन दाई मंदिर आदि स्थल



टावर लगाया जाए, जहां टावर लगा है, वहां पर नेटवर्क बहुत कम होने के कारण ग्रामीण परेशान होते हैं, उसे व्यवस्थित करने सहित अन्य मांग की गई है। बैठक में शामिल सोनी व अन्य।

## चित्रकला में बच्चों ने लिया हिस्सा, अनन्य ने मारी बाजी

**कुसमुंडा।** आदर्श नगर कॉलोनी के बच्चों की चित्रकला में छुपी प्रतिभा को सामने लाने प्रेरणा महिला मंडल की ओर से चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया। साथ ही कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रीष्मकालीन छुट्?टी के सदुपयोग को लेकर जागरूक करना भी रहा। स्पर्धा में 5 से 12 आयु वर्ग के कुल 15 बच्चों ने हिस्सा लिया और चित्रकला में अपनी प्रतिभा दिखाई।स्पर्धा के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता विकेश झा व राजेश पटेल ने स्पर्धा के विजेता अनन्य कुमार व उपविजेता जसप्रीत सिंह के साथ ही तीसरे स्थान पर रहीं अनन्या कुमारी को पुरस्कृत किया। प्रतिभागी सभी बच्चों को आगे भी इसी तरह से प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने और जीवन में आगे बढ़ने प्रेरित किया।भाजपा नेता झा ने कहा कि बच्चों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से चित्रकला स्पर्धा का आयोजन प्रेरणा महिला मंडल की सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन में बच्चों के भाग लेने पर भविष्य की स्पर्धाओं की तैयारी भी होती है। राजेश पटेल ने कहा कि इस तरह के मंच मिलने से बच्चों की प्रतिभा सामने आती है। संगठन की सदस्य निक्की कौर ने कहा कि प्रतिभागी बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ाने प्रेरित किया गया।

# पामगढ़ में रेत परिवहन करते तीन हाइवा जब्त




**पामगढ़।** अवैध रेत परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की और तीन हाइवा को रेत परिवहन करते हुए जब्त कर लिया। यह कार्रवाई कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर रात में की गई। पामगढ़ ब्लॉक के देवरघटा और तनोद के रेत घाटों से लगातार अवैध रेत खनन और परिवहन हो रहा था, जिसकी सूचना मिलने पर खनिज विभाग ने कार्रवाई की।

ग्रामीणों द्वारा तीन गाड़ियों को रोके जाने पर पता चला कि सभी गाड़ियां बिना रॉयल्टी के रेत का परिवहन कर रही थीं। इस पर अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन जब संपर्क नहीं हो पाया, तो कलेक्टर से शिकायत की गई। उनके आदेश के बाद खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए तीन हाइवा को जब्त कर लिया।

पामगढ़ विकासखंड में महानदी के रेत घाटों की नीलामी अब तक नहीं हुई है, जिससे रेत माफिया का अवैध खनन जारी है। चैन माउंटेन मशीनों के माध्यम से बड़ी मात्रा में रेत का उत्खनन हो रहा है। रसौटा निवासी रितेश प्रेमी ने बताया कि गांव में दिनभर ओवरलोड रेत गाड़ियां गुजरती रहती हैं, जो बच्चों और अन्य गांववासियों के लिए खतरे की घंटी बन चुकी हैं।नीलामी नहीं होने से सरकार को नुकसान महानदी के घाटों की नीलामी न होने के कारण राज्य सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध खनन और परिवहन से माफिया को फायदा हो रहा है, जबकि राज्य शासन को राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है। अगर घाटों की नीलामी समय पर होती, तो शासन को उचित राजस्व मिलता। इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## बदली छाने से राहत लेकिन उमस ने बढ़ाई परेशानी

**जांजगीर।** गत शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा। सुबह से शाम तक अधिकांश समय धूप खिलने के अलावा बादल छाए रहे, जिससे लोगों को गर्मी के अलावा उमस का सामना करना पड़ा। लेकिन देर शाम मौसम बदल गया और हल्की बूंदाबांदी हुई।

इसके कारण रविवार को सुबह ठंडी हवा चली लेकिन दिनभर उमस ने परेशान किया। अधिकतम तापमान 38 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में जिले के अधिकांश हिस्सों में बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। अगर मौसमी सिस्टम कमजोर होने से यह स्थिति नहीं बनेगी, तब भी गर्मी और उमस से राहत मिलने की उम्मीद है। दरअसल, द्रोणिका, चक्रवात सक्रिय होने के अलावा बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवा आने से बादल छाए रहने का अनुमान है।

# नगर मंडल भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन में सुशांत शुक्ला हुए शामिल



**जांजगीर नैला।** भारतीय जनता पार्टी का जांजगीर नैला नगर मंडल स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन रविवार को भाजपा कार्यालय जांजगीर मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से बेलतरा के युवा सक्रिय भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े सोशल मीडीया के प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहु उपस्थित थे

विधायक सुशांत शुक्ला ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा में पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बुथो पर 25 सक्रिय कार्यकर्ताओ की संरचना संगठन द्वारा तय की गई है लोकतंत्र की रक्षा के लिए यदि राजनीतिक क्षेत्र मे काम करने वाले व्यक्ति ने दी थी वो महान व्यक्तित्व थे डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय थे। श्री शुक्ला ने कहा कि कभी हर चुनाव में कांग्रेस विजय पाती थी, आज भाजपा का परचम देश के कोने-कोने में लहरा रहा है। इसका श्रेय आप जैसे समर्पित कार्यकर्ताओं को जाता है।

जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समुदाय को सम्मान मिला है। दस राज्यों में जनजातीय संग्रहालय बनाए जा रहे हैं। श्री जांगड़े ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य का गठन एक ऐतिहासिक निर्णय था, जिसने छत्तीसगढ़ और अन्य पिछड़े क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे ध्येय पुरुषों के विचारों को आत्मसात करें और संगठन सूत्र का पालन करते हुए पार्टी को मजबूत बनाएं

वरिष्ठ भाजपा नारायण चंदेल ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि नए परिसीमन के अनुसार हमारा जांजगीर नैला नगर मंडल मे पहले 31 मतदान केंद्र थे जो अब बढ़कर 52 हो गया है पहले हमारे मंडल मे केवल जांजगीर नैला नगर था अब इसमे आसपास के गाँव भी शामिल हो गए है सक्रिय सदस्यता सम्मेलन मे उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमको संगठन को जानना होगा पद व सरकार अस्थायी है लेकिन हमारा संगठन हमारी पार्टी स्थायी है विजयी दशमी के दिन 1925 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई जिसके संस्थापक डाक्टर केशव बलिराम हेडगेवार थे और राष्ट्रवाद के बीज बोने और सेवा के क्षेत्र मे काम करने के लिए हमने राजनीति मे जाने का निर्णय लिया और संघ से ही हमने पांच लोगो को राजनीति मे भेजा और 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली मे हमने भारतीय जनसंघ के रूप मे नई पार्टी बनाई जिसके प्रथम अध्यक्ष डा मुखर्जी बने फिर 6 अप्रैल 1980 मुम्बई के समता नगर मे भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई जिसके प्रथम अध्यक्ष पंडित अटल बिहारी वाजपेई बने और आज पुरे देश मे डा मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय अटल बिहारी वाजपेई लालकृष्ण आडवानी के सपनो को पूरा करने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार काम कर रही है।

उक्त सम्मेलन मे जिला उपाध्यक्ष अमर सुलतानिया, विवेका गोपाल, जिला मंत्री अभिमन्यु राठौर, रवि पांडेय मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, मोहन यादव, नंदनी रजवाड़े, सनत पांडेय, कैलाश बसईवाल,मोतीलाल डहरिया, हनुमान राठौर, पंकज अग्रवाल, संतोषी दुबे, प्रेमलता कौशिक, पुनीराम कहरा, उमा सोनी, प्रतिमा डेहरे विधा राठौर, संजीता माली,दुलौरिन चौरसिया उषा शांडिल्य मनीषा गोपाल रिया यादव नंद कुमारी खरसन जानकी कहरा अनिता कहरा भुरीबाई सुर्यवंशी, प्रेम थवाईत, धर्मेन्द्र राणा, चमन शिव सिंह विकास शर्मा, अनिल शर्मा, टिंगाराम सारथी, पुरनलाल सुर्यवंशी, अनुराग तिवारी,राहुल सेन, सूरज गोस्वामी जितेंद्र खांडे, सुशील सिंह, अजित गढ़वाल, मुकेश भोपालपुरिया, रितेश अग्रवाल, पुष्पेंद्र निर्मलकर गुड्डु कहरा, देव गढ़वाल, सुनील कश्यप रघुनन्दन कश्यप सुधीर झाझडिया, संतोष यादव, आनंद मोदी, गजानंद ध्रुव, छबिलाल कश्यप, प्रदीप राठौर विवेक शर्मा हरदेव टंडन, शंकर कहरा रमाकांत रजवाड़े, शैलेंद्र पांडेय, संतोष उपाध्याय, अजय कौशिक सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी ने व आभार हितेश यादव ने किया।

# ज्ञानोदय विद्यालय में अहिल्याबाई होल्कर पर व्याख्यान आयोजित




**जांजगीर चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉक्टर सुरेश यादव के निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री वरुण पांडे वरिष्ठ कराटे एवं बॉक्सिंग प्रशिक्षक ,दीपक तिवारी इंग्लिश आचार्य एवं ब्रेनअप अबेकस के मास्टर, रुक्मणी पांडेय कराटे प्रशिक्षिका एवं ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मूलचंद साव , श्रीमती दामिनी कश्यप, विजेयता चौहान, पूजा कटकवार, प्रतिभा यादव, पुष्पेंद्र राजनाथ, सुमन यादव, सपना यादव, प्रिया कोसरे उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर धूप दीप जलाकर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथियों और शिक्षकगणों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जी महान शासिका थी । वह कभी भी विपत्तियों से नहीं घबराई और धैर्य रखकर कुशलता से अठ्ठाईस वर्षों तक जनहित को ध्यान में रखकर राजपाठ की।इस अवसर पर स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती चंचला मिश्रा के द्वारा पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का नाम मराठा इतिहास में एक अत्यंत परोपकारी पवित्र और कुशल राजनेता के रूप में लिखा गया है ।उनके पिता का नाम माणकोजी शिंदे और माता का नाम सुशीला बाई था। जिस समय महिलाओं को घर से निकलने की अनुमति तक नहीं थी उस समय उनके पिता ने उन्हें घर पर ही पढ़ना लिखना सिखाया। वे शिक्षा के महत्व को समझते थे।

आठ वर्ष की आयु में अहिल्याबाई का विवाह मालवा प्रांत के जागीरदार सरदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव के साथ हुआ। पति, पुत्र और पिता समान ससुर मल्हार राव की मृत्यु के पश्चात अहिल्याबाई होल्कर ने मराठा साम्राज्य के मालवा प्रांत की कमान संभाली।अहिल्याबाई होल्कर ने अत्यंत सतर्कता के साथ अठ्ठाईस वर्षों तक शासन तथा अपना साम्राज्य विस्तार भी किया। उन्होंने अपनी प्रजा के हित के लिए अनेक लोक कल्याणकारी कार्य किया । उन्होंने सती प्रथा को समाप्त किया ।विधवा और अनाथों को वित्तीय सहायता प्रदान किया ।गरीबों के लिए अस्पताल खोले मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। घाट सड़के और अनेकों धर्मशालाओं का निर्माण कराया। वे एक महान शिव भक्त थी लेकिन धर्म जाति के आधार पर कभी भेदभाव नहीं करती थी तथा अपने निष्पक्ष न्याय के लिए प्रसिद्ध थी ।उन्होंने किसानों के उद्धार के लिए अनेक कार्य किए। उन्होंने कला वास्तुकला और संगीत को भी बढ़ावा दिया ।अनेक विद्यालय भी खुलवाए ।ऐसी महान रानी अहिल्याबाई होल्कर का निधन तेरह अगस्त सत्रह सौ पंचानबे को हुआ। अहिल्याबाई होल्कर जी को लोकमाता का उपनाम मिला था। यह कोई राज परिवार द्वारा नहीं मिला था बल्कि जनसाधारण के द्वारा मिला था लोग उनके नाम को ही बहुत पवित्र मानते थे ।ऐसी लोक नायिका, कुशल योद्धा, चरित्रवान, दयावान, न्यायप्रिय शासिका को शत-शत प्रणाम। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण छात्र-छात्राएं कर्मचारी गणों ने भरपूर सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# 51 नारी शक्ति ने किया सुंदरकांड पाठ का आयोजन नगर में



**जांजगीर।** नैला में अजय अग्रवाल, लक्ष्मी देवी अग्रवाल,हनुमान प्रसाद अग्रवाल के निवास में हनुमत की कृपा बनाए रखने के लिए सबके अंदर ओज तेज शक्ति प्रदान करने वाला विशेष रूप से 51 नारी शक्ति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।जिसमें श्री हरि महिला मानस मंडली जांजगीर को आमंत्रित किया गया था। जिसमें श्री हरि महिला मंडली के अध्यक्ष श्रीमति चमेली साहू की टीम श्रीमति ममता यादव के संयोजकत्व में पूरे 51 महिला की टीम ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ व हनुमत भजन कर कार्यक्रम स्थल को भक्ति मय वातावरण से ओतप्रोत कर दिए। सभी नारी शक्ति एक ड्रेस कोड गुलाबी साड़ी में आकर्षक नजर आ रहे थे ।समिति के अध्यक्ष चमेली साहू हारमोनियम पर भजन की अनोखी श्रृंखला पेश करते हुए सभी को भजन में झूमने के लिए मजबूर कर दी ।सुंदरकांड पाठ कर सुख समृद्धि की कामना वीर बजरंगी की कृपा सब पर बनी रहे इस भाव के साथ पाठ किया गया। इस दौरान ममता यादव, लक्ष्मी देवी अग्रवाल, अन्नपूर्णा अग्रवाल,श्रीमति सरोजनी साहू,श्रीमति शारदा साहू,श्रीमति दीपश्री साहू, मनीषा गोपाल,विभा उपाध्याय,अंजली मोदी,

अवनी अग्रवाल,रेखा अग्रवाल,पूजा गुप्ता, आशा दुबे,सुष्मिता यादव,सारिका ,अनसुईया यादव,दिव्या यादव,सहित 51 नारी शक्ति द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। आयोजन कर्ता द्वारा मानस मंडली के अध्यक्ष श्रीमति चमेली साहू सहित उनके टीम को सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर होगा 31 बटुकों का उपनयन संस्कार

**जांजगीर-चांपा।** ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर के तत्वाधान में अक्षय तृतीया पर 31 बटुकों का उपनयन संस्कार किया जाएगा। ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव 30 अप्रैल एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 31 बटुकों का उपनयन संस्कार अग्रसेन भवन नैला में आयोजित किया जाएगा । उपनयन संस्कार की सम्पूर्ण तैयारी हेतु अंतिम बैठक समिति की वरिष्ठ सदस्य वीना शर्मा के निवास स्थान पर आयोजित किया गया।

जानकारी देते हुए समिति के सक्रिय सदस्य द्वय पुर्णिमा शर्मा एवं विद्योत्तमा गौरहा ने बताया कि उपनयन की सम्पूर्ण तैयारी समिति द्वारा कर ली गयी है, उन्होंने पंजीकृत 31 बटुकों के परिजन से सुबह 7 बजे अग्रसेन भवन नैला पहुँचने की बात कही है। उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित राजकुमार मिश्रा होंगे एवं प्रमुख यजमान पंडित चंद्रहास मिश्रा एवं निशा मिश्रा है। पंजीकृत परिजन पूजन सामग्री एवं धोती, टोपी और अन्य आवश्यक सामग्री किट के माध्यम से प्राची पाण्डेय और जूही गौरहा से प्राप्त कर सकते है। कूपन प्राप्त करने के लिए नीलू शर्मा, किरण पाण्डेय और आशा दुबे ।से संपर्क कर सकते है। किरण शुक्ला एवं प्रियंवदा पाण्डेय ने बताया कि सभी मांगलिक कार्य जैसे मुंडन, नहडोरी, गुरू मंत्र इत्यादि रजिस्ट्रेशन क्रमांक के हिसाब से ही किये जाएंगे। अलका शर्मा एवं नम्रता शर्मा ने बटुकों के परिजनो से लाल या पीले वस्त्र धारण कर आने का आग्रह किया है। पंजीकृत बटुकों के नाम सोमेश तिवारी, पुरषोत्तम पाण्डेय आदर्श पाण्डेय, आकाश शर्मा, श्याम देव मिश्रा, सरज शर्मा, विवेक पाण्डेय, श्रेयांश तिवारी, मिथलेश मिश्रा,



अथर्व तिवारी, हर्ष गौरहा, सागर दुबे, आदित्य नारायण पाण्डेय, पुष्कर पाण्डेय, शिवम तिवारी और वैभव तिवारी, आयुष शर्मा, अमन तिवारी, अनुराग पाण्डेय, आरोह शर्मा, अक्षय पाण्डेय, सूर्यप्रकाश तिवारी, पंकज तिवारी, चंद्रकांत दुबे एवं आयुष दुबे, पार्थ तिवारी, शिवांश देव द्विवेदी, दुर्लभ पाण्डेय भाव्यांश पाण्डेय, शिवम द्विवेदी शामिल है। ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा, नीरा शर्मा, सीता पांडेय, जयश्री शर्मा, बीना दुबे, जयंती दुबे, नीलू पांडेय, गीता मिश्रा, आशा दुबे, निशा मिश्रा, अलका शर्मा, नीलू शर्मा, अनिता मिश्रा, किरण पांडेय, पूर्णिमा शर्मा, किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला, डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, विद्योत्तमा गौरहा, प्राची पांडेय, प्रियंवदा पांडेय, शालिनी शर्मा, स्मृति गौरहा, नम्रता शर्मा, जूही गौरहा आयोजन की तैयारी में जुटे है।

# अक्षय फल मिलेंगे तृतीया को, लोगों में उत्साह


**जांजगीर ।** अबूझ मुहूर्त अक्षय फल देने वाली तृतीया 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। तिथि की शुरुआत 29 अप्रैल की शाम 5.32 बजे से शुरू हो जाएगी। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया कहा जाता है, जो इस वर्ष विशेष शुभ संयोग लेकर आई है।

संस्कृत में अक्षय का अर्थ है- जो कभी क्षय न हो। मान्यता है कि इस दिन किया गया कोई भी पुण्य कार्य, दान, हवन या खरीदारी अक्षय फल देती है। यही कारण है कि इसे विवाह, गृहप्रवेश, वाहन या सोने-चांदी की खरीदारी जैसे नए कार्यों की शुरुआत के लिए सर्वोत्तम मुहूर्त माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन विवाह जैसे मांगलिक कार्य बिना पंचांग देखे भी किए जा सकते हैं। इस दिन सोने और चांदी की खरीदारी का भी विशेष महत्व है, जिसे समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। देशभर में इस अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजन, कथा और हवन का आयोजन किया जाता है।

इस दिन ग्रहों की शुभ स्थिति बनने से हर तरह की खरीदारी और नई शुरुआत लंबे समय तक फायदा देने वाली रहेगी। स्कन्द पुराण के अनुसार, अक्षय तृतीया पर खरीदा गया सोना समृद्धि देने वाला होता है। इसी तरह धनतेरस, रथ सप्तमी, गुरु पुष्य और रवि पुष्य योग भी सोना खरीदने का विशेष मुहूर्त है। ग्रंथों में बताया गया है सोना पूर्व या उत्तर दिशा से खरीदना चाहिए। ब्रह्मांड पुराण के अनुसार उत्तर दिशा से खरीदा गया सोना शुभ फल देता है। इससे आत्मविश्वास और सकारात्मकता में वृद्धि होती रहती है। ऐसी स्थिति में की गई नई शुरुआत समृद्धि देने वाली होती है।

# खास ताकतें बढ़ा रही पूरी दुनिया में आतंकवाद को

**रिगनी खरौद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 121वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। नगर पंचायत वार्ड 07 की पार्षद अमरिका घृतलहरे के निवास स्थान पर कार्यक्रम का श्रवण किया गया।



मोदी ने सबसे पहले पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह हमला आतंकवाद को संरक्षण देने वालों की हताशा दिखाता है। जब कश्मीर में अमन और शांति लौट रही थी, तब देश के दुश्मनों और आतंकियों ने हमला किया। आतंकवादी और उनके आका चाहते हैं कि कश्मीर फिर से बर्बाद हो जाए।इसलिए इतनी बड़ी साजिश रची गई। मोदी ने कहा कि हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपना संकल्प मजबूत करना होगा। उन्होंने पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया कि हमले में शामिल और साजिश रचने वालों को कड़ी सजा दी जाएगी। कार्यक्रम में जिला के पूर्व अध्यक्ष और प्रदेश प्रतिनिधि गुलाब सिंह चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव, उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, जिला व्यापार प्रकोष्ठ से उत्तम सोनी, जिला कार्य समिति सदस्य शरद चंद्र शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष चंद्रवती सोनी, राजेश यादव, अशोक आदित्य, इंद्र देवांगन, पार्षद नेहरू राही, हुलास राम साहू, हे कृष्णा साहू आदि मौजूद रहे।

# गर्मी में पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण क्षेत्र के लोग, विकल्प की मांग

**आमनदुला।** गर्मी के मौसम की दस्तक के साथ ही आदर्श ग्राम पंचायत आमनदुला में हर वर्ष की तरह इस बार भी पेयजल संकट गहरा गया है। पिछले कई वर्षों से गर्मी के मौसम में गांव का भूजल स्तर तेजी से नीचे चला जाता है, जिससे हैंडपंप और ट्यूबवेल जैसे जल स्त्रोत भी जवाब देने लगते हैं। इस समय पूरे राज्य में तापमान 42-43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे भूमिगत जल की स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है।

गांव के मध्य बस्ती, बरम देव चौक, नवधा चौक, बाजार चौक, पुराना तालाब, पूर्व सरपंच गौरीशंकर सिदार मोहल्ला समेत कई हिस्सों में लोगों को पीने के पानी के लिए गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई मोहल्लों में तो पानी के लिए लोग एक-दूसरे पर निर्भर हो गए हैं, लेकिन अब निजी घरों के लोग भी पानी देने से कतरा रहे हैं क्योंकि उन्हें भी अपने जल स्त्रोत की स्थिरता को लेकर आशंका है।

गांव में एक बड़ी पानी की टंकी बनी हुई है, जो लंबे समय से बंद पड़ी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की



महत्त्वाकांक्षी हर घर नल जल योजना का भी हाल बेहद खराब है। योजना का काम पिछले पांच वर्षों से निर्माणाधीन स्थिति में है। गांव में नल लगाए जा चुके हैं, टंकी भी बन चुकी है और कुछ हिस्सों में पाइपलाइन भी बिछाई जा चुकी है, लेकिन अब तक एक बूंद पानी भी लोगों को नसीब नहीं हुआ है। यह योजना फिलहाल सफेद हाथी बनकर रह गई है। जल है तो कल है जैसे स्लोगन केवल पोस्टर तक ही सीमित- डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद ग्रामवासियों को अब तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। हर साल गर्मी में पानी की खपत बढ़ जाती है, कूलर और अन्य उपकरणों के चलते जल की मांग भी अधिक हो जाती है, जिससे स्थिति और भी भयावह हो जाती है। जल संकट के पीछे केवल प्राकृतिक कारण ही नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाहियां भी जिम्मेदार हैं। खेतों में अभी भी धान की फसल बोई जा रही है और ट्यूबवेल चौबीसों घंटे पानी उगल रहे हैं। 'जल है तो कल है' जैसे स्लोगन केवल पोस्टर और भाषणों तक सीमित रह गए हैं।

## जिलों में जुटाई जा रही पाकिस्तानियों की जानकारी

**जांजगीर।** देशभर में पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध हो रहा है और केंद्र सरकार ने पाकिस्तानियों को देश छोड़ने को कहा है। इसलिए जिले में पाकिस्तानी नागरिकों की तलाश शुरू कर दी गई है। सभी थाना क्षेत्र में आने वाले नगर और ग्राम पंचायतों में ऐसे लोगों की जानकारी जुटाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा निर्देश दिया गया है। जिले के सभी थाना-चौकी क्षेत्रों के अंतर्गत पिछले 10 साल से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के संबंध में जानकारी मांगी गई है। छत्तीसगढ़ में पाकिस्तान से आए करीब 2000 लोग रहते हैं। इसमें 1800 सिर्फ रायपुर में ही हैं। पुलिस जांच कर रही है कि जो 2000 लोग छत्तीसगढ़ में आए या रह रहे हैं, वे किस वीजा के तहत आए हैं।

## अनमोल वचन......

**अपने साथ शक्तिशाली बनाओ। हम लोहे की मांसपेशियों और फौलाद के साथ चाहते हैं।**

## हिन्दी भाषा को मंजूरी नहीं

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे का कहना है कि उनका दल महाराष्ट्र में हिन्दी भाषा को अनिवार्य बनाने के कदम को मंजूरी नहीं देगा। राज्य सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप पहली कक्षा से पांचवीं तक छात्रा के लिए हिन्दी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने के फैसले के मद्देनजर उनकी यह टिप्पणी आई है। उद्धव ने शिव सेना की श्रमिक शाखा के कार्यक्रम में कहा कि उनके दल को हिन्दी से परहेज नहीं है पर इसे छात्रों पर नहीं थोपा जा सकता। पिछले दिनों हिन्दीभाषी बैंककर्मी के साथ हाथापाई की घटना के अतिरिक्त मुंबई में लगातार शिवसैनिकों द्वारा भाषाई विरोध हो रहा है।

इससे पहले भी उत्तर भारत से बाहर के राज्यों द्वारा हिन्दी थोपे जाने के खिलाफ विपक्ष मुखर होता रहता है। भाषा को लेकर झगड़ा नया नहीं है परंतु इसका मकसद राजनीतिक प्रतीत होता है। देश के आधे से अधिक नागरिक हिन्दी को बोलचाल की भाषा की तरह प्रयोग करते हैं। यह देश की सबसे ज्यादा बोली भाषा भी है। केवल 26 प्रतिशत लोगों की मातृ भाषा होने के बावजूद हिन्दी का इस्तेमाल करने वालों की संख्या 69 करोड़ बताई जाती है, जो कुल जनसंख्या का 57 प्रतिशत है।

हालांकि अपने यहां हिन्दी में 56 मातृ भाषाएं संबद्ध हैं। देश भर को एक सूत्र में लपेटने वाला सिनेमा, टीवी धारावाहिक, विज्ञापन और गाने सब हिन्दी में ही मुंबई शहर में बनाए जाते हैं जिनके भरोसे रोजी-रोटी कमाने वालों में हर भाषा, वर्ग और राज्यनिवासियों का सहयोग होता है। मराठी की मूल लिपि कोंकणी होने के बावजूद आज वह देवनागरी में ही लिखी जा रही है। यूं तो देश में बंगाली और भोजपुरी बोलने वालों की संख्या अत्यधिक है परंतु राज्य सरकारें या स्थानीय शीर्ष नेताओं द्वारा मातृ भाषा की बजाय देशवासियों तक विचार पहुंचाने के लिए हिन्दी या अंग्रेजी ही प्रचलित है।

यह भी याद रखना चाहिए कि जिन राज्यों में संस्कृत स्कूली स्तर पर अनिवार्य भाषा के तौर पर पढ़ाई जाती रही है, वहां से संस्कृत में धारा-प्रवाह श्लोक पढ़ने वाली पौध नहीं तैयार की जा सकी। दूसरे मातृ भाषा पढ़ने-लिखने वालों की संख्या भी तेजी से कम होती जा रही है।

## राशिफल

**मेष राशि :** आपके लिए आज का दिन उम्मीदों से भरा रहेगा। आपके कामकाजी जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। आपकी पदोन्नति या नई नौकरी मिलने के योग हैं। आपके जीवन में खुशहाली आएगी। आप किसी बड़ी संपत्ति में निवेश करेंगे। आपके आय में वृद्धि होगी साथ ही आप आमदनी के नए अवसर भी खोजेंगे।

**वृष राशि :** आज आपका दिन खास रहेगा। आज आप कुछ नई बातें सीखेंगे। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों के लिए अच्छा समय है। आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। इस दौरान आपको अपने कौशल के दम पर नौकरी मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपको लग्जरी चीजों का लाभ उठाने का भरपूर मौका मिलेगा।

**मिथुन राशि :** आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह आपको प्रसन्नता होगी। समस्याओं से घबराने के बजाय उनको सुलझाने की कोशिश करें।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपको जीवन में कुछ नए अवसर मिलेंगे। जो आपकी पर्सनल लाइफ के लिए अच्छे रहेंगे। अभी आप नौकरी बदलने की सोच रहे हैं या पदोन्नति पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं तो आपकी योजनाएं सफल होंगी। आज आप जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**सिंह राशि :** आज का दिन उत्साह भरा होगा। इस राशि के लोगों को अपने विरोधियों से जीत हासिल होगी। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। आज आपको कर्जमाफी का लाभ भी मिल सकता है। आज हो सके तो नए कामों को शुरूआत कर दें, सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

**कन्या राशि :** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आप आज आशावादी बने रहेंगे। आपका सोशल सर्किल बेहतर होगा। साथ ही दूसरों के साथ बातचीत करने के कौशल में भी सुधार होगा। आज आप किसी की मदद भी कर सकते हैं। सामने आयी समस्याओं को सुलझाने में आप सफल साबित होंगे। व्यापार में आज अधिक धन लाभ की संभावना है। जो नौकरी पाने के इच्छुक हैं उन्हें सफलता मिलेगी।

**तुला राशि :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नई रणनीति बनाएंगे। इससे आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके किसी प्रोजेक्ट की प्रशंसा भी होगी। जो लोग काफी दिनों से नौकरी के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

**वृश्चिक राशि:** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपको नई जानकारी मिलेगी, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगी। आज कार्यों में बदलाव करने से बचे। अगर व्यवसाय में नया काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो उससे संबंधित और अधिक जानकारी हासिल करना जरूरी है।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज अचानक मित्र से मुलाकात होगी। आप उनसे करियर को लेकर विचार विमर्श भी करेंगे। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक तथा आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। आज आपको सुखद जीवन जीने के लिए कई अवसर मिलने वाले हैं। आप अपने लक्ष्यों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। उन्हें पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज किसी खास प्रयोजन को लेकर यात्रा संबंधी प्रोग्राम बन सकता है। रिश्तेदारों के आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। घर के बड़े बुजुर्गों का स्नेह व आशीर्वाद अवश्य लें तथा उनका मान-सम्मान व आदर करें।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके कार्यों के लिए कारगर साबित होगी। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखें, काम सुचारु रूप से बनते जाएंगे। आज सहज तरीके से अपने कार्यों को व्यवस्थित करते चलें। आज घर में शांति पूर्ण माहौल रहेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। आज परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा। आज किसी विशेष स्थिति में अपने जीवनसाथी को सलाह जरूर दें। आज ऑफिस के किसी कार्य को पूरा करने में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। लेखकों को आज सम्मानित किया जा सकता है।

# पोषण 2.0 दिशा-निर्देशों के दायरे में शुरू

//डॉ. अनन्या अवस्थी//

**भारत में 7वां पोषण पखवाड़ा अप्रैल में मनाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पोषण ट्रैकर के नए शुरू किए गए लाभार्थी मॉड्यूल के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि सामुदायिक सशक्तिकरण के एक नये चरण की शुरु आत करता है, जिससे नागरिकों के हाथों में सीधे कार्ययोग्य पोषण डेटा उपलब्ध होता है।**

राष्ट्रीय पोषण नीति ढांचे उर्फ पोषण 2.0 दिशा-निर्देशों के दायरे में शुरू की गई यह नई सुविधा लंबे समय से चली आ रही चुनौती का समाधान करती है। आंगनवाड़ी कायरे में समुदाय का कमजोर स्वामित्व, जिसने अक्सर देश भर में पोषण हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। पोषण ट्रैकर मोबाइल-आधारित एप्लिकेशन है जिसका उपयोग पहले से ही हर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पोषण और बच्चों की देखभाल सेवाओं के वितरण पर वास्तविक समय डेटा प्रदान करने के लिए किया जाता है, अब इसकी पहुंच उन लोगों तक हो गई है, जिन्हें यह सेवा प्रदान करना चाहता है।

यह विशेष मॉड्यूल आपको अपने स्थान के सबसे नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र का पता लगाने में सक्षम बनाता है और गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, 6 वर्ष तक के बच्चों और किशोरियों के लिए स्व-पंजीकरण की सुविधा प्रदान करता है। महिला लाभार्थी गर्भावस्था के तिमाही, एनीमिया की स्थिति, गर्भावस्था के दौरान वजन बढ़ने को रिकॉर्ड करने और टेक-होम राशन (टीएचआर) और गर्म पके हुए भोजन (एचसीएम) की प्राप्ति पर नजर रखने सहित अपने सेवा इतिहास की निगरानी करने के लिए इस मॉड्यूल का उपयोग कर सकती हैं। माता-पिता और देखभाल करने वाले भी अपने बच्चे की लंबाई और वजन की सक्रिय रूप से निगरानी करने, यह जांचने के लिए कि क्या वे विकास संबंधी क्षमताओं को प्राप्त कर रहे हैं, और टीएचआर और एचसीएम के लिए पात्रता सत्यापित करने के लिए ऐप का उपयोग कर सकते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषताओं में से एक यह है कि यह लाभार्थियों को आंगनवाड़ी सेवाओं की अपर्याप्त प्राप्ति से संबंधित शिकायतों के निवारण की मांग करने का अधिकार देता है। उदाहरण के लिए, स्तनपान कराने वाली मां, उसका पति या परिवार का कोई भी सदस्य अब टीएचआर न मिलने या स्थानीय आंगनवाड़ी केंद्र की समस्याओं, जैसे अनियमित रूप से खुलने या बुनियादी ढांचे की कमी जैसी समस्याओं की रिपोर्ट कर सकता है।

पोषण ट्रैकर का लाभार्थी मॉड्यूल अपने लाभार्थियों के साथ सीधा संबंध स्थापित करके पोषण ट्रैकर को इंटरैक्टिव, नागरिक-केंद्रित, डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य और पोषण प्रणाली के लिए एक बेंचमार्क में बदलने के लिए कई आशाजनक रास्ते खोलता है। मॉड्यूल के लिए विचार करने के लिए चार आशाजनक भविष्य की दिशाएं हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि भारत में स्मार्टफोन के व्यापक उपयोग का लाभ उठाते हुए, इस मॉड्यूल में निकटतम आंगनवाड़ी केंद्र में मिलने का समय निर्धारित करने या आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर पर दौरा करने की व्यवस्था करने जैसी सुविधाएं शामिल की जा सकती हैं। दूसरा, आगामी समुदाय-आधारित कार्यक्रमों के बारे में लाभार्थियों को संक्षिप्त संदेश या अलर्ट भेज कर, लाभार्थी मॉड्यूल स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं के साथ नागरिकों को जोड़ने के लिए एक मंच के रूप में काम कर सकता है।

इससे वजन दिवस जैसी सामुदायिक गतिविधियों में लाभार्थी की भागीदारी बढ़ सकती है, जहां गांव के सभी बच्चों का मासिक वजन लिया जाता है, अन्नप्राशन जैसे पोषण कार्यक्रमों का जश्न मनाया जाता है, जो छोटे बच्चों को ठोस खाद्य पदाथरे की शुरु आत का प्रतीक है और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण दिवस के लिए स्थानों और तिथियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। तीसरा, पोषण ट्रैकर के भीतर एक इन-बिल्ट फीडबैक सिस्टम के निर्माण से लाभार्थियों को प्राप्त आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करने की सुविधा मिलेगी, जिसमें विकास निगरानी, खाद्य राशन की डिलिवरी, घर का दौरा और गंभीर कुपोषण से पीड़ित बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के लिए रेफरल शामिल हैं। यह वृद्धि पोषण ट्रैकर को ऐसे प्लेटफॉर्म में बदल सकती है जो सेवा वितरण के सामाजिक ऑडिट की अनुमति दे सकता है, जिससे लाभार्थियों की जरूरतों और मांगों का प्रभावी ढंग से समाधान किया जा सके।

अंत में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण स्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं पर डेटा के साथ लाभार्थी इंटरफेस के एकीकरण की संभावना तलाशने से सभी पात्र माताओं और बच्चों को एक मंच पर स्वास्थ्य और पोषण स्थिति पर व्यापक रूप से नजर रखने में मदद मिल सकती है।

# रेसिप्रोकल टैरिफ नीति से वैश्विक अर्थव्यवस्था हिला

//विनीत नारायण//

**वैश्विक व्यापार में संरक्षणवाद का दौर एक बार फिर से उभर रहा है। अप्रैल, 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) नीति ने वैंकि अर्थव्यवस्था को हिला दिया है। यह नीति अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू की गई है, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम भारत और विश्व की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहे हैं।**

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो. अरुण कुमार इस नीति के प्रभावों का विश्लेषण करते हुए बताते हैं कि अमेरिका ने अपनी टैरिफ नीति को पारस्परिक करार देते हुए कहा है कि यह अन्य देशों द्वारा अमेरिकी वस्तुओं पर लगाए गए टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं (जैसे मुद्रा हेरफेर और नियामक अंतर) के जवाब में उठाया गया कड़ा कदम है। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 52 का प्रभावी टैरिफ लगाता है, जिसके जवाब में भारत से आयात पर 27 का टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, इस गणना की सटीकता पर सवाल उठाए गए हैं।

समिट की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने व्यापार घाटे और आयात मूल्य के आधार पर टैरिफ दरें तय कीं जो विश्व व्यापार संगठन के डेटा से मेल नहीं खातीं। भारत का अमेरिकी वस्तुओं पर औसत टैरिफ दर 2023 में केवल 9.6%था, जो अमेरिकी दावों से काफी कम है। इस नीति में दो स्तर के टैरिफ शामिल हैं% 5 अप्रैल से सभी देशों पर 10 का आधारभूत टैरिफ और 9 अप्रैल से देश-विशिष्ट टैरिफ। कुछ वस्तुओं जैसे फार्मास्यूटिकल्स और ऊर्जा उत्पादों को टैरिफ से छूट दी गई है, जिससे भारत के कुछ क्षेत्रों को राहत मिली है।

भारत, जो अमेरिका का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, 2024 में 80.7 बिलियन डलर का माल अमेरिका को निर्यात करता था। 27% टैरिफ से भारत के कई क्षेत्र प्रभावित होंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ भी मिल सकता है। प्रो. अरुण कुमार के अनुसार, इस नीति का प्रभाव अल्पकालिक और दीर्घकालिक, दोनों रूपों में देखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत के 14 बिलियन डलर के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात और 9 बिलियन डलर के र प्रतिशत-आभूषण निर्यात पर टैरिफ का भारी असर पड़ेगा। ये क्षेत्र अमेरिकी बाजार पर निर्भर हैं और लागत में वृद्धि से उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है। इसके साथ ही मछली, झींगा और प्रसंस्कृत समुद्री खाद्य उद्योग, जो 2.58 बिलियन डलर का है, पर 27.83 का टैरिफ अंतर भारत की प्रतिस्पर्धा को कम करेगा खासकर जब पहले से ही अमेरिका में एंटी-डंपिंग शुल्क लागू हैं। भारतीय वस्त्र उद्योग को मिश्रित प्रभाव का सामना करना पड़ेगा। हालांकि भारत पर टैरिफ वियतनाम (46%) और बांग्लादेश (37) की तुलना में कम है, फिर भी बाजार और मुनाफे में कमी का जोखिम बना रहेगा। वहीं भारत के 9 बिलियन डलर के फार्मास्यूटिकल निर्यात को टैरिफ से छूट दी गई है, जिससे इस क्षेत्र को राहत मिली है। भारतीय फार्मा कंपनियों के शेयरों में 5% की वृद्धि देखी गई। हालांकि सॉफ्टवेयर सेवाएं प्रत्यक्ष रूप से टैरिफ से प्रभावित नहीं हैं, लेकिन वीजा प्रतिबंध और व्यापार तनाव भारतीय आईटी कंपनियों जैसे टीसीएस और इन्फोसिस के लिए चुनौतियां पैदा कर सकते हैं।

प्रो. कुमार का मानना है कि भारत को कुछ क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिल सकता है, क्योंकि चीन और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों पर अधिक टैरिफ लगाए गए हैं। उदाहरण के लिए परिधान और जूते जैसे क्षेत्रों में भारत अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है। टैरिफ के कारण भारत के निर्यात में 30-33 बिलियन डलर की कमी आ सकती है। अर्थशास्त्रियों ने भारत की 2025-26 की विकास दर को 20-40 आधार पर कम करके 6.1 कर दिया है। हालांकि, भारत सरकार का दावा है कि तेल की कीमतें 70 डलर प्रति बैरल से नीचे रहती हैं, तो 6.3-6.8% की विकास दर हासिल की जा सकती है।

अमेरिकी टैरिफ नीति का वैंकि अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। प्रो. कुमार के अनुसार, यह नीति वैश्विक व्यापार प्रणाली में 1930 के स्मूट-हले टैरिफ एक्ट के समान व्यवधान पैदा कर सकती है। टैरिफ से वैंकि व्यापार की गति धीमी होगी, जिससे आर्थिक विकास प्रभावित होगा। जेपी मार्गन ने चेतावनी दी है कि यदि यही टैरिफ नीति लागू रहती है, तो अमेरिका और वैंकि अर्थव्यवस्था मंदी में आ सकती है। इससे आयातित वस्तुओं की कीमतें बढ़ेंगी, जिससे अमेरिका में मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। बोस्टन फेडरल रिजर्व बैंक का अनुमान है कि टैरिफ से कोर पीसीई मुद्रास्फीति में 0.5-2.2% की वृद्धि हो सकती है। वैंकि शेयर बाजारों में गिरावट और मुद्रा अस्थिरता पहले ही देखी जा चुकी है। चीन, यूरोपीय संघ और अन्य देशों ने अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी टैरिफ की घोषणा की है, जिससे वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इससे आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होंगी और व्यवसायों को लागत बढ़ने का सामना करना पड़ेगा। कम प्रति व्यक्ति आय वाले देश जैसे कंबोडिया (50% टैरिफ) सबसे अधिक प्रभावित होंगे। इससे अमेरिका की विकासशील देशों में साख को नुकसान हो सकता है।

प्रो. कुमार का सुझाव है कि भारत को इस संकट को अवसर में बदलने के लिए रणनीतिक कदम उठाने चाहिए। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर तेजी से काम करना चाहिए। 23 बिलियन डॉलर के अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करना एक शुरुआत हो सकती है। यूरोपीय संघ, आसियान और मध्य-पूर्व जैसे वैकल्पिक बाजारों पर ध्यान देना चाहिए। भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते को तेज करना महत्त्वपूर्ण होगा। घरेलू उत्पादन और खपत को बढ़ावा देना चाहिए। छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए सब्सिडी, कर राहत और निर्यात प्रोत्साहन जैसी योजनाओं को लागू करना चाहिए।

अमेरिकी टैरिफ नीति ने वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता का माहौल पैदा किया है। भारत के लिए यह चुनौती होने के साथ-साथ अवसर भी है। भारत रणनीतिक रूप से कार्य करे, तो न केवल इन टैरिफों के नकारात्मक प्रभावों को कम कर सकता है, बल्कि वैंकि आपूर्ति श्रृंखला में अपनी स्थिति को भी मजबूत कर सकता है। दीर्घकालिक दृष्टिकोण और सुधारों के साथ, भारत इस संकट को एक नये आर्थिक युग की शुरुआत में बदल सकता है।

# पाक को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर-पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ( सीसीएस ) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है।

ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दर्शाते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है।

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है।

यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने-दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि-त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख-चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे-सीधे ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निर्दोषों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसूरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे।

## तस्वीरों की दुनिया


प्रयागराज में यूपी शिक्षा निदेशालय कार्यालय भवन में लगी भीषण आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मी जुटे हुए हैं।


रोहिणी सेक्टर 17 में निकेतन अपार्टमेंट के पास झुग्गी इलाके में लगी भीषण आग को बुझाने की कोशिश करते अग्निशमन कर्मी।


वडोदरा में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त लीना पाटिल और डीसीपी अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में बापोद के एकता नगर इलाके में तलाशी अभियान के दौरान पुलिसकर्मी संदिग्ध अवैध प्रवासियों को सत्यापन के लिए लाते हुए।


उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिलग्राम, हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गुणवत्ता और समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिलग्राम, हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान संबोधित किया।


आईओएस सागर पोर्ट लुईस बंदरगाह पर पहुंचा, जिससे मॉरीशस के राष्ट्रीय तट रक्षक के साथ संयुक्त ईईजेड निगरानी का प्रथम चरण पूरा हो गया।


उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में अपने कैंप कार्यालय से श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर आयोजित होने वाले छह दिवसीय मुख्य सेवक भंडारे के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# निष्पक्ष जांच की पाकिस्तानी मांग के समर्थन में चीन, भारत नहीं करेगा स्वीकार दिखाए सख्त तेवर

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के सख्त होते तेवर के बाद पाकिस्तान की तरफ से अंतरराष्ट्रीय फलक पर पूरे हमले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर लॉबिंग हो रही है।पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तरफ से शनिवार को यह मांग उठी थी। उसके बाद रविवार को चीन और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच हुई वार्ता में इस्लामाबाद की तरफ से यह मांग की गई जिसका चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने समर्थन किया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रूसी सरकार की एक न्यूज एजेंसी को साक्षात्कार में रूस व चीन को मिलाकर पहलगाम हमले की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। लेकिन भारत इस मांग को किसी भी सूरत में स्वीकार करने नहीं जा रहा है। भारत इसे हल्का और सिर्फ बयानबाजी मानता है।विदेश मंत्रालय की तरफ से न तो पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शरीफ के बयान पर कोई प्रतिक्रिया जताई गई है और न ही पाकिस्तान व चीन के विदेश मंत्रियों की वार्ता के बाद जारी बयानों पर।लेकिन विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने बताया, यह सिर्फ बयानबाजी है। जिस देश ने मुंबई हमले के साजिशकर्ताओं के विरुद्ध कोई कदम नहीं उठाया, पठानकोट हमले की संयुक्त जांच के बाद दर्ज एफआईआर पर कोई प्रगति नहीं हुई, उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जा सकता।पहलगाम हमले की निष्पक्ष जांच की मांग से पहले पाकिस्तान को यह बताना चाहिए कि संयुक्त ग्र की तरफ से घोषित मुंबई हमले के दोषी आतंकियों को सजा दिलाने के लिए क्या किया गया है। पूरी दुनिया को मालूम है कि वे आतंकी पाकिस्तान में ही हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार के साथ चीनी विदेश मंत्री वांग यी की हुई फोन वार्ता के बाद चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है। दोनों पक्षों को अत्यधिक संयम बरतने की बात करते हुए मामले की तत्काल निष्पक्ष जांच कराने का समर्थन किया गया है। साथ ही चीन ने कहा है कि वह पाकिस्तान को अपना महत्वपूर्ण रणनीतिक साझीदार मानते हुए उसकी वैध सुरक्षा चिंताओं को समझता है और उसकी संप्रभुता व सुरक्षा हितों की रक्षा करने की कोशिश का समर्थन करता है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने रूस को भी संदेश भेजा है कि वह चीन के साथ मिलकर पहलगाम हमले की निष्पक्ष जांच कराए। रूस की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।जहां तक भारत का ताल्लुक है तो इस तरह के आतंकी वारदातों को लेकर पाकिस्तान की तरफ से पूर्व में असहयोग को देखते हुए वह शायद ही निष्पक्ष जांच के लिए तैयार हो। वर्ष 2008 के मुंबई हमले की जांच को लेकर पाकिस्तान का असहयोगात्मक रवैया जगजाहिर है।

## हिजबुल्ला की कमर तोड़ने पर अड़ा इजरायल युद्धविराम के बाद तीसरी बार बेरूत पर बोला हमला

**बेरूत, 28 अप्रैल [एजेंसी]।**

इजरायली जेट विमानों ने रविवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला बोला। नवंबर के अंत में युद्धविराम लागू होने के बाद से क्षेत्र पर यह तीसरा इजरायली हमला है। हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। इजरायली सेना ने हमले से पहले जारी चेतावनी में कहा कि वह हदथ क्षेत्र में हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाने जा रही है। निवासियों से हमले से पहले उस ठिकाने से कम से कम 300 मीटर दूर जाने का आग्रह किया गया। अल जमूस के पास हमले से पहले लेबनानी राजधानी के कुछ हिस्सों में लड़ाकू विमानों की आवाज सुनी गई।युद्धविराम से पहले इजरायली ड्रोन और लड़ाकू जेट नियमित रूप से दक्षिणी उपनगरों पर हमला करते थे। यहां हिजबुल्ला का व्यापक प्रभाव और समर्थन है। इजरायल उस क्षेत्र को उग्रवादी गढ़ के रूप में देखता है, जहां उसने प्रमुख हसन नसरल्ला सहित हिजबुल्ला के कई शीर्ष नेताओं की हत्या की है और समूह पर वहां हथियार जमा करने का आरोप लगाता रहा है।इजरायल का हमला जारी रहने के बीच गाजा पट्टी के अस्पतालों में पिछले 24 घंटों में 51 फलस्तीनियों के शव लाए गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इसी के साथ ही पिछले डेढ़ साल से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध में मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या 52,243 हो गई है।इजरायल ने 18 मार्च को अचानक बमबारी करके हमास के साथ अपने युद्ध विराम को समाप्त कर दिया और तब से वह प्रतिदिन हमला कर रहा है। उधर, सशस्त्र सैन्यबलों ने एक बफर जोन का विस्तार किया है और दक्षिणी शहर रफाह को घेर लिया है और अब लगभग 50 प्रतिशत क्षेत्र पर उनका नियंत्रण है।इजरायली अधिकारियों का कहना है कि नए सिरे से आक्रामक कार्रवाई और कड़ी नाकाबंदी का उद्देश्य हमास पर सात अक्टूबर, 2023 को हमले के दौरान अगवा कर बंधक बना लिए गए लोगों को रिहा करने के लिए दबाव डालना है, जिसके कारण युद्ध शुरू हुआ था।



## बंगाल में एलटी वीजा पर रह रहे हैं 67 पाकिस्तानी नागरिक

**कोलकाता।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में रह रहे पाकिस्तान के सभी नागरिकों के वीजा रद कर उन्हें जल्द वापस भेजने के आदेश दिए हैं। बंगाल की बात करें तो यहां लांग टर्म (एलटी) वीजा पर रह रहे 67 पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में पता चला है, जिनमें अधिकतर महिलाएं हैं। राज्य पुलिस ने इन सभी का नए सिरे से सत्यापन शुरू किया है। खुफिया एजेंसियों ने भी इन पाकिस्तानी नागरिकों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। इनमें से 30 पाकिस्तानी नागरिक राजधानी कोलकाता में रह रहे हैं, जबकि 37 राज्य के अन्य हिस्सों में रह रहे हैं। हालांकि कोलकाता पुलिस ने महानगर में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की सही संख्या की पुष्टि नहीं की है, या किसी को वापस भेजा गया है या नहीं इस बारे में कुछ नहीं बताया है।

## जयपुर में तीन अधिकारियों ने मचाया उत्पात, पुलिसकर्मियों से की मारपीट

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में तीन प्रशासनिक अधिकारियों ने शराब के नशे में जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने न केवल राहगीरों से अभद्र व्यवहार किया, बल्कि बीच रास्ते अपनी कार खड़ी कर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस जब उन्हें थाने ले गई तो वहां वे पुलिसकर्मियों से भिड़ गए और उनके साथ मारपीट की। उन्होंने थाना अधिकारी की टेबल पर लगा कांच तोड़ दिया, रजिस्टर भी फाड़ दिया। कानोता थाना अधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि मारपीट से एक पुलिसकर्मी के हाथ में फ्रैक्चर हो गया है, दो अन्य पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई हैं। उत्पात करने वाले तीनों अधिकारियों में सहकारिता विभाग के निरीक्षक हरिराम सिंह व जितेंद्र चौधरी एवं आबकारी निरीक्षक कार्यालय अंधेरी, मुंबई में तैनात रामवतार मीणा शामिल हैं। रामवतार अवकाश पर आए हुए हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने, मारपीट करने व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक विनय कुमार मामले की जांच कर रहे हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 85 वर्षीय एनआरआई उधोगपति वासु श्रॉफ की 35 लाख रूपए की घड़ी उतरवाने और पांच घंटे तक शौच के लिए नहीं जाने देने के मामले में कस्टम विभाग के चार अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। चारों अधिकारियों ने जांच के नाम पर उधोगपति की घड़ी उतरवाने के लिए साथ ही उन्हे पांच घंटे तक व्हीलचेयर पर बिठाए रखा था। इस दौरान उन्हे शौच के लिए भी नहीं जाने दिया गया। उधोगपति ने इसकी जांच केंद्र एवं राज्य सरकार के अधिकारियों से की थी।

उधोगपति से बदसलूकी करने वाले चारों अधिकारियों सहायक आयुक्त राजेश कुमार सिंह का तबादला कोटा,प्रेमराज मीणा का तबादला जयपुर के आईसीडी (इनलैंड कंटेनर विभाग)शंकर रमन बीपी का जयपुर जेम्स स्टोन एक्सचेंज ओर आर.के.मीणा का अलवर आईसीडी व भिवाड़ी में किया गया है।चारों कस्टम अधिकारियों को जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हटाकर उच्च स्तरीय अधिकारियों ने कड़ा संदेश दिया है। चारों अधिकारियों ने उधोगपति की घड़ी उतरवाते हुए उस पर शुल्क देने के लिए कहा।

# भाजपा ने ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी से निकाला, कांग्रेस नेता जूली के मंदिर दर्शन के बाद छिड़का था गंगाचल



**जयपुर।** राजस्थान में सत्तारूढ़ भाजपा ने रविवार को अपने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया। उन्होंने टीकाराम जूली के मंदिर दर्शन के बाद गंगाचल छिड़का था जिसको उन्होंने मंदिर शुद्धिकरण कहा था।पार्टी के एक आदेश में कहा गया है कि भाजपा की अनुशासन समिति द्वारा जांच के बाद आहूजा के खिलाफ कार्रवाई की गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर ने अनुशासनहीनता के लिए आहूजा की पार्टी की प्राथमिक सदस्यता समाप्त करने के आदेश दिए हैं। इस महीने की शुरुआत में आहूजा ने तब विवाद खड़ा कर दिया था, जब उन्होंने अलवर में राम मंदिर में कांग्रेस नेता टीकाराम जूली के वहां एक प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के बाद मंदिर को शुद्धिकरण करने के लिए गंगा जल छिड़का था। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आहूजा के कृत्य को एक दलित का अपमान करार दिया था। इससे पहले रविवार को आहूजा भाजपा की अनुशासन समिति के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए पेश हुए थे।

बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने दलित विरोधी कोई काम नहीं किया है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के दुष्प्रचार में फंसकर भाजपा ने उन्हें पार्टी से निकाल कर गलती की है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं पर मानहानि का आरोप लगाया और कहा कि वह इस मामले में केस दर्ज कराएंगे।मंदिर शुद्धिकरण के बाद आहूजा ने कहा था कि कांग्रेस नेताओं को ऐसे समारोहों में शामिल होने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि पार्टी नेतृत्व ने भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाया था और पिछले साल अयोध्या में पवित्र भूमि पूजन समारोह का बहिष्कार किया था।

## खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ने का समय उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**कोयंबटूर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि अब किसानों को सिर्फ उत्पादक होने से ऊपर उठना होगा। राष्ट्रीय कृषि एजेंडे के लिए खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ने का समय आ गया है। धनखड़ इस समय दो दिवसीय तमिलनाडु के दौरे पर हैं। यहां रविवार को वे तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) में एक व्याख्यान समारोह में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि और टीएनएयू के अधिकारी मौजूद थे।टीएनएयू में विकसित भारत के लिए कृषि-शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना... विषय पर छात्रों और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने आगे कहा कि भारत में 46 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी हुई है बावजूद इसके यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में केवल 16 प्रतिशत का योगदान देता है। ऐसे में टीएनएयू जैसे संस्थानों को कृषि विज्ञानी दिवंगत डा एमएस स्वामीनाथन की विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ह

मारे सकल घरेलू उत्पाद में इस क्षेत्र के द्वारा होने वाले योगदान में बढ़ोतरी हो सके।वैश्विक स्तर पर कृषि के क्षेत्र में भारत की स्थिति की बात करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक है। हमारे कुल निर्यात में कृषि खाद्य उत्पादों का हिस्सा 11 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा कि लेकिन अब आपको एक नया अध्याय लिखना होगा। अब समय बदल गया है। हमें खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ना चाहिए। किसान समृद्ध होना चाहिए और यह आपके जैसे संस्थानों से विकसित होना चाहिए।

## पाकिस्तानी मंत्रियों की बातें दोहरा रहे कांग्रेस के कुछ नेता, बीजेपी ने विपक्ष पर साधा निशाना



**नईदिल्ली, 28 अप्रैल [एजेंसी]।**

पहलगाम में आतंकी हमले पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के विवादित बयान के बाद अब राज्य के आबकारी मंत्री आरबी तिम्मापुर ने रविवार को यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि उन्हें नहीं लगता कि पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों ने गोली मारने से पहले उनसे उनका धर्म पूछा होगा। इस पर भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमले के मुद्दे पर केंद्र सरकार को समर्थन देने के कुछ ही दिनों के भीतर कांग्रेस का असली चेहरा उजागर हो गया है। कांग्रेस के कुछ नेता वही बातें दोहरा रहे हैं जो पाकिस्तानी मंत्री कह रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एक सप्ताह से भी कम समय में उन्होंने (कांग्रेस ने) अपना असली चेहरा दिखा दिया है और सबसे दर्दनाक तथा घटिया बयान कर्नाटक के मंत्री का है, जो कहते हैं कि यह संभव नहीं है कि आतंकवादियों ने पहले धर्म पूछा हो और फिर हत्या की हो। मुझे लगता है कि पीड़ित परिवारों के दर्द को इससे बदतर तरीके से बयान नहीं किया जा सकता।उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए और कूटनीतिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग कर दिया है और उसे निशाने पर रखा है। अब अगला निशाना जो भी हो, सिद्दरमैया, आप निश्चिंत रहें कि जो भी विकल्प है, उसे प्रधानमंत्री और सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति और तीनों सेना प्रमुखों पर छोड़ दें। सुरक्षा विशेषज्ञ बनने की कोशिश न करें।उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ये लोग (कांग्रेस नेता) पाकिस्तानी मीडिया में जिस तरह की प्रशंसा पाने की कोशिश कर रहे हैं, उससे ऐसा लगता है कि इनकी नजर पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान-ए-पाकिस्तान पर है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राजग सरकार की नीति निशाना पाकिस्तान (पाकिस्तान को निशाने पर लेना) है, जबकि उनकी (कांग्रेस नेताओं) इच्छा निशान-ए-पाकिस्तान है।गौरतलब है कि कर्नाटक के आबकारी मंत्री आरबी तिम्मापुर ने रविवार को यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि उन्हें नहीं लगता कि पहलगाम में पर्यटकों की गोली मारकर हत्या करने वाले आतंकवादियों ने मारने से पहले उनसे उनका धर्म पूछा होगा। मंत्री ने कहा कि एक आतंकवादी जो गोली चला रहा है, वह धर्म या जाति कैसे पूछ सकता है। वह बस लोगों को मार देगा और चला जाएगा। हमें व्यावहारिक रूप से सोचना होगा।बहरहाल, सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दुर्भाग्य और दुख की बात है कि कांग्रेस के कुछ नेता वही बातें दोहरा रहे हैं जो पाकिस्तानी मंत्री कह रहे हैं। सिद्दरमैया ने कहा है कि युद्ध कोई विकल्प नहीं होना चाहिए। ये वही बातें हैं जो पाकिस्तान के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और गृह मंत्री कह रहे हैं।कांग्रेस नेता जो कह रहे हैं और पाकिस्तानी जो कह रहे हैं, उनमें इतनी समानता क्यों है। अचानक, सिद्दरमैया और ये कांग्रेस नेता पाकिस्तानी मीडिया के प्रिय बन गए हैं। इससे पता चलता है कि कुछ दिन पहले वे जो कह रहे थे कि वे इस मुद्दे पर सरकार के साथ हैं, उनका मुखौटा पूरी तरह से उतर चुका है। अब उनका असली चेहरा लोगों के सामने है।

## ममता बनर्जी नकली हिंदू, ममता को लेकर सुवेंदु के बयान पर TMC का पलटवार, कहा- आपके पिता और भाई तो...



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद कल्याण बनर्जी ने रविवार को भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नकली हिंदू बताने संबंधी टिप्पणी की निंदा करते हुए सवाल किया कि क्या वह असली हिंदू हैं। तृणमूल सांसद ने कहा कि भाजपा केवल उन लोगों को हिंदू मानती है जो जय श्री राम का नारा लगाते हैं। पत्रकारों से बात करते हुए बनर्जी ने कहा, क्या सुवेंदु असली हिंदू हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को ममता बनर्जी पर नकली हिंदू होने का आरोप लगाया, जिसपर पलटवार करते हुए तृणमूल सांसद की यह टिप्पणी आई है।सुवेंदु ने मुर्शिदाबाद से हिंदू परिवारों के पलायन के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि ममता बनर्जी नकली हिंदू हैं। उन्होंने दीघा में राज्य सरकार द्वारा जगन्नाथ मंदिर बनाए जाने को लेकर भी कहा कि ममता हिंदू विरोधी हैं।

हिंदू लोगों को गुमराह न करें। उनकी वजह से मुर्शिदाबाद के हिंदू लोग यहां से पलायन कर रहे हैं।तृणमूल कांग्रेस के नेता कुणाल घोष ने भी सुवेंदु की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ममता बनर्जी ब्राह्मण हिंदू समुदाय से हैं और सभी धर्मों का सम्मान करती हैं।उन्होंने कहा कि सुवेंदु अधिकारी, उनके पिता और उनके भाई कई सालों तक ममता के साथ रहे हैं, लेकिन उन दिनों ऐसा नहीं सोचते थे। सुवेंदु अधिकारी तृणमूल से विधायक, सांसद और मंत्री थे, लेकिन उन्होंने तब इन सब के बारे में नहीं सोचा था।

## पहलगाम हमले का दोषी कौन, पाकिस्तान बोला- रूस और चीन मिलकर करें जांच



**मॉस्को।** पहलगाम आतंकी हमले की जांच में पाकिस्तान, रूस और चीन को शामिल करना चाहता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक प्रॉक्सी द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली है। रूस सरकार द्वारा संचालित आरआइए नोवोस्ती समाचार एजेंसी को हाल में दिए एक साक्षात्कार में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा, मुझे लगता है कि रूस या चीन या यहां तक कि पश्चिमी देश भी इस संकट में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं और वे एक जांच दल भी गठित कर सकते हैं। उन्होंने कहा,यह काम सौंपा जाना चाहिए कि भारत या मोदी झूठ बोल रहे हैं या सच। एक अंतरराष्ट्रीय दल को यह पता लगाने देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी अंतरराष्ट्रीय जांच कराने का प्रस्ताव रखा है। समाचार एजेंसी ने ख्वाजा आसिफ के हवाले से कहा, आइए पता लगाएं कि भारत में, कश्मीर में इस घटना का दोषी और अपराधी कौन है, बात या खोखले बयानों का कोई प्रभाव नहीं होता। कुछ सुबूत तो होने ही चाहिए कि पाकिस्तान इसमें शामिल है या इन लोगों को पाकिस्तान का समर्थन प्राप्त था। ये सिर्फ बयान हैं, खोखले बयान और कुछ नहीं।

## सीआरपीएफ के पूर्व अफसर ने बेटी को मारी गोली, दामाद को किया घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव में सीआरपीएफ के एक सेवानिवृत्त अफसर ने बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि दामाद को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जलगांव के पुलिस अधिकारी ने बताया कि चोपड़ा तहसील में एक शादी समारोह के दौरान शनिवार रात को यह घटना हुई। सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक किरण मंगले ने अपनी बेटी तृप्ति की रिवाल्वर से गोली मारकर हत्या कर दी।उसके पति अविनाश को गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों की शादी एक साल पहले ही हुई थी। वे पुणे में रहते थे। वे यहां एक शादी में शामिल होने आए थे। अधिकारी ने बताया कि मंगले जब समारोह में पहुंचा तो उसे पता चला कि दोनों वहां मौजूद हैं।

# आतंकियों ने की थी नरसंहार की रिकॉर्डिंग, यहां छुपाया था कैमरा, एनआईए की जांच में बड़ा खुलासा



**जम्मू, 28 अप्रैल [एजेंसी]।**

पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों द्वारा किए नरसंहार की जांच के लिए एनआईए ने मामला दर्ज कर लिया है। अब कई टीमें जांच में जुट गई हैं। आतंकी हमले के सबूत जुटाने के लिए कुछ प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की गई है। इनके हवाले से अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने अपने इस बर्बर कृत्य की रिकॉर्डिंग भी की थी। इसके लिए उन्होंने बॉडी कैमरों का इस्तेमाल किया था। इस हमले में 25 पर्यटकों समेत 26 लोगों की हत्या कर दी गई थी। हमले में 20 लोग घायल भी हुए हैं। एनआईए से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने जम्मू में मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने अनौपचारिक तौर पर जांच हमले वाले दिन गत मंगलवार से ही शुरू कर दी थी। तब स्थानीय पुलिस को लेकर एनआईए के आईजी के नेतृत्व में अधिकारियों की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची थी।एनआईए की टीमें वारदात वाले दिन से ही घटनास्थल पर हैं। एनआईए के अनुसार जांच टीमें आईजी और डीआईजी स्तर के दो अधिकारियों व एक पुलिस अधीक्षक की देखरेख में प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही हैं।

यह वह लोग हैं, जिन्होंने पहलगाम में बैसरन में अपनी आंखों के सामने भयानक हमले को होते देखा था। इसके अलावा एनआईए अधिकारियों की अलग-अलग टीमें आतंकी हमले में बचे लोगों से जानकारी हासिल करने के लिए देश भर का दौरा कर रही हैं।एनआईए ने एक बयान में कहा है कि जांच टीमें पहलगाम के बैसरन में प्रवेश और बाहर जाने वाले सभी रास्तों की बारीकी से जांच कर रही हैं। फोरेंसिक और अन्य विशेषज्ञों की मदद से पूरे इलाके की गहन जांच की जा रही है। यह हमला कश्मीर में हुए सबसे भीषण आतंकी हमलों में से एक है। इसलिए इसे अंजाम देने वाले घटनाक्रमों को एक साथ जोड़ने के लिए प्रत्यक्षदर्शियों से भी बारीकी से पूछताछ की जा रही है। एनआईए के अधिकारी ने बताया कि टीमों ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बंगाल सहित अन्य राज्यों में पीड़ितों के परिवार के सदस्यों से बयान दर्ज किए हैं। इस नृशंस आतंकी हमले की शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि इसमें शामिल आतंकियों की संख्या पांच से सात के बीच हो सकती है।

हमलावरों को कम से कम दो स्थानीय आतंकियों ने भी मदद की थी, जिन्हें पाकिस्तान में प्रशिक्षण मिला था। सुरक्षा एजेंसियों ने तीन आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। ये तीनों पाकिस्तान के हैं और इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा हैं।

## किसी भी देश के पास फूलप्रुफ खुफिया जानकारी नहीं होती, पहलगाम हमले पर सरकार के पक्ष में आए शशि थरूर




**तिरुअनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की वजह खुफिया जानकारियां जुटाने में असफलता हो सकती है। अगर सात अक्टूबर, 2023 के हमास के इजरायल पर किए आतंकी हमले से इसकी तुलना करें तो घटनाक्रम एक जैसा ही लगता है। हमास के हमले से अपनी सशक्त खुफिया तंत्र के लिए जाना जाने वाला इजरायल भी स्तब्ध रह गया था। इसलिए यह तय है कि किसी भी देश के पास फूलप्रुफ खुफिया जानकारी नहीं हो सकती है। कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री थरूर ने रविवार को कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले पर कहा कि कुछ विफलताएं हुई हैं। लेकिन हमारे पास विश्व में सर्वश्रेष्ठ खुफिया सेवा वाले देश इजरायल का भी उदाहरण है। सिर्फ दो साल पहले सात अक्टूबर को इजरायली भी उन पर हुए हमले से स्तब्ध रह गए थे। कोई जवाब मांगने से पहले इजरायल युद्ध के अंत तक पहुंचने का इंतजार कर रहा है। इसीतरह हमें भी पहले मौजूदा संकट से पार होने के बाद ही सरकार से जवाब मांगना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार का समर्थन करते हुए कहा कि कई बार आतंकी हमलों को रोकने की सफलता पर ध्यान नहीं जाता लेकिन विफलता पर सबकी नजर होती है। उन्होंने कहा कि तुरंत दोषारोपण करने से अच्छा है कि मौजूदा संकट पर ध्यान दिया जाए। हम कभी नहीं जान पाएंगे जिन हमलों को होने से पहले ही सफलतापूर्वक रोक दिया गया।

# महाराष्ट्र का छिपा हुआ खजाना है कोयनानगर मानसून में यहां घूमना है स्वर्ग के बराबर

**कोयनानगर को महाराष्ट्र का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कोयनानगर की खासियत, यहां की खूबसूरती और यहां पर मौजूद शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। देश के पश्चिमी भाग में स्थित महाराष्ट्र एक प्रमुख राज्य होने के साथ ही खूबसूरती के लिए भी जाना जाता है। यह एक ओर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ तो दूसरी ओर अरब सागर से घिरा है। महाराष्ट्र अपनी खूबसूरती के कारण पर्यटकों के अपनी ओर आकर्षित करता है।**





महाराष्ट्र में कई ऐसी हसीन, ऐतिहासिक और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर घूमने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से लेकर लोनावाला, खंडाला और माथेरान जैसी जगहों के बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन यहां पर स्थित कोयनानगर के बारे में कम लोग जानते हैं। इस जगह को महाराष्ट्र का छिरा हुआ खजाना माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कोयनानगर की खासियत, यहां की खूबसूरती और यहां पर मौजूद शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**महाराष्ट्र में कोयनानगर**

कोयनानगर महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित है। सतारा जिला खूबसूरत पहाड़ और झील-झरनों के लिए जाना जाता है। वहीं कोयनानगर को कोयना के नाम से भी जाना जाता है।

सतारा जिले में कोयना नदी के किनारे कोयनानगर है। यह सतारा शहर से कुछ ही दूरी पर बसा है। कोयनानगर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से करीब 294 किमी दूर है। पूणे से 190 किमी और सांगली से 130 किमी दूर है।

**कोयनानगर की खासियत**

कोयनानगर चिपलून-सांगली राजमार्ग पर स्थित है और यह कई चीजों के लिए फेमस माना जाता है। कोयनानगर में स्थित कोयना बांधा भारत की सबसे बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं में से एक माना जाता है।

कोयना बांध के पीछे स्थित शिवसागर जलाशय भी कोयनानगर को खास बनाने का काम करता है। यह जगह सतारा जिले के साथ ही पूरे महाराष्ट्र का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**कोयनानगर की खूबसूरती**

बता दें कि कोयनानगर को खूबसूरती का खजाना माना जाता है। यह जगह शहर की भीड़-भाड़ से दूर अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है। कोयनानगर की हरियाली यहां की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती है।

यहां पर क्रिस्टल क्लियर झील, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और घने जंगल देखने को मिलेंगे। वहीं वीकेंड पर कई पर्यटक यहां पर पिकनिक मनाने पहुंचते हैं।

वहीं मानसून में कोयनानगर की खूबसूरती देखने लायक होती है।

**कोयनानगर में घूमने की जगहें**

कोयनानगर में कई शानदार और बेहतरीन जगहें हैं, जहां पर घूमने के बाद आप महाराष्ट्र की फेमस जगहों को भूल जाएंगे। यहां पर कोयना डैम, कोयना नदी, नेहरु गार्डन और कोयनानगर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी आदि खूबसूरत जगहें मौजूद हैं।

कोयनानगर के आसपास कामरगांव, हूंबर्ली, वजेगांव, ओज़ार्डे वॉटरफॉल और कोयना बैकवाटर व्यू पॉइंट जैसी जगहों को घूम सकते हैं।

**कैसे पहुंचे कोयनानगर**

यहां पर पहुंचना बहुत आसान है, कोयनानगर का सबसे नजदीकी एयरपोर्ट पुणे है। जोकि करीब 192 किमी दूर है। वहीं कोयनानगर का नजदीकी रेलवे स्टेशन चिपलून है जो 42 किमी दूर है। पुणे से चिपलून के लिए लोकल ट्रेन आदि चलती हैं और यह शानदार जगह चिपलून-सांगली राजमार्ग पर स्थित है।

## करिश्मा तन्ना ने इंस्टाग्राम पर शेयर की लेटेस्ट फोटोज, फैंस ने नेचुरल ब्यूटी का दिया टैग



मशहूर एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना अपनी खूबसूरती को लेकर हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं। एक बार फिर उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा।

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई फोटोज में करिश्मा डेनिम जींस और वाइट टॉप में नजर आ रही हैं। वह सभी फोटोज में बैठे हुए शानदार पोज दे रही हैं और अपने फेस एक्सप्रेशन से कहर ढा रही हैं। एक्ट्रेस की यह फोटोज अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लोग उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं और जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- लवली दूसरे यूजर ने कमेंट में लिखा- उफ्फ! तुम्हारी मदहोश आंखें एक अन्य यूजर ने लिखा- नेचुरल ब्यूटी एक्ट्रेस के बारे में बात करें तो करिश्मा तन्ना छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने 2001 में टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अपने करियर की शुरुआत की। वह बाल वीर, नागिन 3, कयामत की रात जैसी टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने कई फिल्में भी की हैं, जिसमें दोस्ती: फ्रेंड्स फॉरएवर, ग्रैंड मस्ती, संजू जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके अलावा, वह ओटीटी में भी किस्मत आजमा चुकी हैं। उन्होंने वेब सीरीज करले तू भी मोहब्बत और स्कूप में भी काम किया है।

वह रियलिटी शो बिग बॉस 7 की रनर-अप रहीं। उन्होंने झलक दिखला जा और खतरों के खिलाड़ी जैसे रियलिटी शोज भी किए। वह खतरों के खिलाड़ी 10 की विजेता रही हैं। तन्ना अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। साल 2022 में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा से शादी की। वरुण बंगेरा एक बिजनसमैन हैं और वीबी क्रॉप नाम की कंपनी के डायरेक्टर हैं। दोनों पहली बार कॉमन फ्रेंड सुवेद लोहिया की पार्टी में मिले थे।

## चेहरे पर तरबूज के छिलके रगड़ने से मिल सकते हैं ये 5 फायदे



तरबूज एक ऐसा फल है, जो गर्मियों में सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व न केवल शरीर को हाइड्रेट रखते हैं, बल्कि त्वचा की देखभाल करने में भी मदद कर सकते हैं, खासकर तरबूज के छिलके का उपयोग करके आप अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बना सकते हैं।

आइए जानते हैं कि तरबूज के छिलके को चेहरे पर रगड़ने से क्या-क्या लाभ मिल सकते हैं।

त्वचा की सफाई में है सहायक

तरबूज के छिलके में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी त्वचा की गहराई से सफाई करने में मदद करते हैं।

जब आप तरबूज के छिलके को अपने चेहरे पर रगड़ते हैं तो यह त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करता है और गंदगी को बाहर निकालता है। इससे आपकी त्वचा ताजगी महसूस करती है और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की चमक भी बढ़ती है और वह स्वस्थ दिखती है।

मुंहासों से मिलेगी राहत

अगर आप मुंहासों की समस्या से जूझ रहे हैं तो तरबूज के छिलके का उपयोग आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।

इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण मुंहासों के बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करते हैं।

इसके अलावा यह त्वचा की अतिरिक्त चर्बी को नियंत्रित करता है, जिससे मुंहासों की संभावना कम होती है।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा साफ और निखरी हुई दिखती है, जिससे आपको एक स्वस्थ और चमकदार चेहरा मिलता है।

झुर्रियों का कर सकता है निवारण

झुर्रियां उम्र बढ़ने के साथ-साथ तनाव और गलत जीवनशैली का परिणाम हो सकती हैं।

तरबूज के छिलके में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो झुर्रियों को कम करने में सहायक होते हैं। जब आप तरबूज के छिलके को अपने चेहरे पर रगड़ते हैं तो यह त्वचा को पोषण देता है और उसे मुलायम बनाता है।

इसके अलावा यह त्वचा की इलास्टिसिटी को बढ़ाता है, जिससे झुर्रियां धीरे-धीरे कम होती हैं।

सनबर्न से मिलेगा आराम

गर्मियों में धूप में ज्यादा रहने से सनबर्न होने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे त्वचा जल जाती है और लाल हो जाती है।

तरबूज के छिलके में ठंडक देने वाले गुण होते हैं, जो सनबर्न से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

इसके अलावा इसमें मौजूद एंटीइंफ्लेमेटरी गुण त्वचा की सूजन को कम करते हैं और जलन से राहत दिलाते हैं।

नियमित उपयोग से आपकी त्वचा फिर से स्वस्थ और चमकदार दिखती है।

त्वचा का निखार बढ़ाने में है कारगर

तरबूज के छिलके का नियमित उपयोग करने से आपकी त्वचा का निखार बढ़ता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा को पोषण देते हुए उसे चमकदार बनाते हैं।

इसके अलावा यह मृत कोशिकाओं को हटाकर नई कोशिकाओं के विकास को बढ़ावा देता है, जिससे आपकी त्वचा ताजगी महसूस करती है और स्वस्थ दिखती है।

इन सभी फायदों को देखते हुए यह स्पष्ट होता है कि तरबूज केवल खाने में ही नहीं बल्कि त्वचा की देखभाल के लिए भी लाभकारी है।



## अमृत से काम नहीं है नारियल पानी, शुद्ध नैचुरल प्रोडक्ट के हैं ये लाभ, जानिए

गर्मी का सितम जारी है और ऐसे में लोग शरीर को हाइड्रेट करने के लिए तरह-तरह के ड्रिंक्स भी लेते हैं, लेकिन हम आपको ऐसे ड्रिंक के बारे में बताएंगे, जिसे पीने से न केवल शरीर हाइड्रेटेड रहता है बल्कि पाचन, वजन पर कंट्रोल रखने और त्वचा की रौनक बढ़ाने में भी कारगर होता है। यहां बात नारियल पानी की हो रही है, जिसकी तुलना अगर 'अमृत' से की जाए तो गलत नहीं होगा, क्योंकि जब गर्मी के तपते दिनों में प्यास और थकान सताने लगती है, तब नारियल पानी को ही पीने के लिए सबसे अच्छा पेय पदार्थ माना जाता है।

बिना मिलावट का नेचुरल प्रोडक्ट-नारियल पानी पेट को शीतलता प्रदान करता है और यह शुद्ध होता है। नैचुरल प्रोडक्ट जिसमें मिलावट लेशमात्र की नहीं होती। पोषक तत्वों से भरपूर होता है। प्रकृति का यह अनमोल तोहफा शरीर को तरोताजा रखने के साथ ही अनगिनत फायदे भी पहुंचाता है।

1940 के दशक में हुआ था अध्यन-रिपोर्ट के मुताबिक, 1940 के दशक से नारियल पानी का व्यापक अध्ययन किया गया। जिसमें दावा किया गया कि यह एक ताजा और पौष्टिक पेय है और स्वास्थ्य लाभ के कारण बड़े पैमाने पर पिया जाता है। इसका सेवन दिल का ख्याल रखता है और हार्ट अटैक से बचाता है। एक अध्ययन में पाया गया कि नारियल पानी स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा, नारियल पानी में अकार्बनिक आयन और विटामिन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व इंसानी शरीर के एंटीऑक्सीडेंट सिस्टम को सहायता प्रदान करते हैं।

इम्युनिटी को करता है बूस्ट-नारियल पानी से शरीर तो हाइड्रेट रहता है, साथ ही यह इम्युनिटी को बूस्ट करने का भी काम करता है। इतना ही नहीं, इसका सेवन करने से वजन कम करने में भी आसानी होती है।

दिल को रखता है दुरुस्त-इसके अलावा, नारियल पानी का सेवन दिल को दुरुस्त रखने का काम करता है। साथ ही यह बीपी को नॉर्मल करता है और ब्लड वेसल्स में रक्त प्रवाह को नॉर्मल करने का काम भी करता है। इसके साथ ही शरीर में कमजोरी होने पर भी नारियल पानी का सेवन काफी फायदेमंद है, इसमें कई पोषक तत्व होने की वजह से यह तुरंत ही शरीर से जुड़ी कमजोरी को दूर करने में कारगर माना जाता है।

डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद-यही नहीं, गर्मियों के दिनों में शरीर में पानी की कमी होने पर नारियल पानी पीने की सलाह दी जाती है। इसका सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके अलावा, नारियल पानी पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में लाभदायक माना गया है। नारियल पानी को पीने की वजह से त्वचा को फायदा होता है, इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण चेहरे को साफ और चमकदार रखते हैं और किडनी की सेहत में सुधार करने का काम करते हैं।

## उलझन में वामिका गब्बी, खुद ही बोल पड़ीं- आपकी प्रेमिका आज थोड़ी कंफ्यूज्ड सी है



बॉलीवुड एक्ट्रेस वामिका गब्बी अपनी अपकमिंग फिल्म भूल चूक माफ को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर फैंस जितना उत्सुक हैं, उतना ही एक्साइटेड वह अभिनेत्री की पोस्ट को लेकर भी दिखाई देते हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की और लिखा कि वह थोड़ी कंफ्यूज्ड हैं। वामिका ने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका क्लोज-अप शॉट है। वामिका ने ब्लैक कलर का टॉप पहना हुआ है और बालों को खुला छोड़ा हुआ है। इन फोटोज को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, आपकी प्रेमिका आज थोड़ी कंफ्यूज्ड सी है पर दिल में प्यार बरकरार है। कैप्शन में उन्होंने वाइट हार्ट और पिंक फ्लावर इमोजी का भी इस्तेमाल किया है। भूल चुक माफ के बारे में बात करते हुए, मेकर्स ने फिल्म का हाल ही में नया गाना चोर बाजारी फिर से रिलीज किया।

## शब्द सामर्थ्य - 031

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. बिनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 030 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | क्री | | की | | खा | सो | आ | म |
| बा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

# बैंकों से कई गुना ज्यादा आर्थिक लाभ के लालच में फंसे क्षेत्रवासी

## ट्रेनिंग के नाम पर एसपीडीएम कंपनी में करोड़ों का हुआ निवेश, कॉलरी कर्मचारी है स्थानीय एजेंट, निवेशकों के पास नहीं है कोई दस्तावेज

**चरचा कालरी।** छत्तीसगढ़ में निवेशकों को भारी रिटर्न का लालच देकर ठगने की घटनाएँ निरंतर बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में सूरजपुर जिले के शिव प्रसाद नगर में अशफ़ाकउल्ला नामक व्यक्ति द्वारा चलाए गए निवेश घोटाले में हजारों लोग कठिन परिश्रम की अपनी गाढ़ी कमाई गंवा चुके हैं। अब उसी तर्ज पर एसडीएम नाम की एक कंपनी चरचा कालरी में सक्रिय है, जो निवेशकों को सालाना 60 प्रतिशत रिटर्न देने का दावा कर रही है।

इस स्कीम में मल्टी-लेवल मार्केटिंग का तड़का लगाकर इसे और मजबूत बनाया गया है, जिससे लोगों को लंबे समय तक इस जाल में फँसाया जा सके। कोरिया जिले के चरचा कालरी में कार्यरत कॉलरी कर्मचारी गौतम सिंह गोवर्धन इस कंपनी का मुख्य एजेंट है गौतम सिंह के द्वारा स्थानीय लोगों को कम समय में ज्यादा लाभ दिलाने का लालच देकर लगभग 25 करोड रुपए का निवेश कराया जा चुका है एजेंट गौतम सिंह लोगों को कहता है कि आप बैंकों में पैसा जमा न करें वहां आपको ज्यादा ब्याज नहीं मिलेगा उससे ज्यादा हमारी कंपनी आपको हर महीने 5त्न लाभ देगी अर्थात एक लाख रुपए जमा करने पर प्रतिमा 5000 ब्याज लाभ मिलेगा जबकि बैंकों में जमा करने पर मात्र 750 रुपए प्रति माह मिलते हैं इस प्रकार एसपीडीएम कंपनी के द्वारा एक लाख रुपए जमा करने पर 1 साल में 60000 रुपए ब्याज के रूप में लाभ दिया जाएगा जबकि बैंकों से मात्र 9 हजार सालाना की हीआय होगी सूत्रों के अनुसार इस एजेंट के द्वारा लोगों को गारंटी के बतौर अपना बैंक खाता का ब्लैक चेक भी दिया गया है जिससे निवेश करने वाले कर्मचारी भरोसा कर लेते हैं विदित हो कि रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, अदानी समूह ,अंबानी समूह आदि हजारों करोड़ों का टर्नओवर करने वाली देश की बड़ी-बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियां भी इतना ब्याज नहीं देती हैं जबकि इन कंपनियों के पास बड़े-बड़े उद्योग कल कारखाने हैं इसके विपरीत एसडीएम कंपनी का अपना कोई निजी कारखाना उद्योग नहीं है ऐसी स्थिति में यह जांच का विषय है की एसपीडीएम कंपनी की आय का स्रोत क्या है ,निवेशकों को दी जाने वाली भारी भरकम ब्याज की राशि कहां से हासिल की जाती है इसके अतिरिक्त क्या गारंटी है कि ब्याज की राशि निरंतर मिलती रहेगी और निवेशकों का रकम सुरक्षित रहेगा।

स्थानीय एजेंट के द्वारा कॉलरी कर्मचारी को ज्यादा लाभ कमाने का प्रलोभन देकर कई कॉलरी कर्मचारियों को बैंक से लाखों रूपों का पर्सनल लोन दिलाया गया और तत्काल उस लोन राशि को एसपीडीएम के खाते में जमा कर दिया गया है इस एजेंट के द्वारा कहा जाता है कि जितना ब्याज आप बैंक को देंगे उससे ज्यादा हम हर महीने आपको देंगे इस लालच में कर्मचारी पर्सनल लोन लेकर निवेश कर रहे हैं बैंकों में लगे सीसीटीवी के विगत एक वर्ष के फुटेज की जांच की जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी प्रतिदिन यह व्यक्ति दूसरे कर्मचारियों को लेकर बैंक में लोन दिलाने व अन्य कार्य में लगा रहता है क्षेत्र में जितने लोगों के द्वारा इस कंपनी में निवेश किया गया है उनके पास दस्तावेज के नाम पर मात्र बैंक में जमा किए गए रकम का काउंटर स्लिप है इसके अतिरिक्त उनके पास अन्य कोई दस्तावेज नहीं है जिससे यह पता चल सके कि इनका पैसा किस योजना में निवेश किया गया है।

सूत्रों के अनुसार इस कंपनी के द्वारा निवेशिकों से ली गई राशि को ट्रेनिंग फीस के रूप में उल्लिखित कर पैसा लिया गया है जबकि उन्हें किसी प्रकार की ट्रेनिंग नहीं दी जाती और न हीं किसी प्रकार का उत्पाद दिया जाता है निवेशक सिर्फ ब्याज के लालच में भ्रमित होकर निवेश कर रहे हैं निवेशकों को प्रतिमाह अथवा ब्याज के रूप में दी जाने वाली भारी भरकम राशि का स्रोत अज्ञात है ऐसा प्रतीत होता है कि नए निवेशकों के द्वारा किए गए निवेशक के पैसे से पुराने निवेशकों को भुगतान किया जा रहा है जो स्पष्ट रूप से पोंजी स्कीम का संकेत है निवेशकों को नए लोगों को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया




जाता है जिससे उन्हें अतिरिक्त बोनस मिलता है और एसपीडीएम कंपनी के एजेंट के द्वारा निवेशकों को कम समय में रकम दुगना करने की भी बात कही जाती है इससे लोग अपनी जमीन-जायदाद तक बेचकर इसमें निवेश कर रहे हैं, जबकि बैंक मात्र 7.25त्न सालाना ब्याज ही दे पा रहे है।

**जी.एस.टी की जांच जरूरी**

एसपीडीएम कंपनी के स्थानीय एजेंट का कहना है की हर निवेश में हम जीएसटी देते हैं यदि बीच में आपको राशि दी जाएगी तो जीएसटी के राशि की कटौती की जाएगी ,विदित हो कि कंपनी के द्वारा ट्रेनिंग के नाम पर निवेश कराया जाता है जिसमें जीएसटी भी जोड़ा जाता है स्थानीय स्तर पर जितने लोगों ने निवेश किया है उन्हें किसी प्रकार का उत्पादन नहीं दिया गया है बल्कि निवेसक कीलाखों रूपों कीएकमु स्त राशि मस्त राशि कंपनी के खाते में जमा कर दी गई है चर्चा थाने को दी गई जानकारी में स्थानीय एजेंट गौतम सिंह गोवर्धन ने लिखित रूप में उल्लेखित किया है कि हम उत्पाद क्रय विक्रय का कार्य करते हैं किंतु उन्होंने यह नहीं बताया की किसी निवेशक को कौन सा उत्पाद दिया गया है कितनी लागत का दिया गया है और लगातार क्रय विक्रय के प्रति कितना जीएसटी राज्य शासन अथवा केंद्र सरकार को दिया गया।

**निवेशकों में मचा है हड़कंप**

सूत्रों के अनुसार चर्चा कई क्षेत्र में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने निवेश किया है इन निवेशकों को पहले प्रतिमाह 5 तारीख तक लाभ अथवा ब्याज की राशि मिल जाती थी इसके पश्चात 5 से बढ़कर 10 तारीख की तिथि हुई इसके पश्चात बढ़कर 20 हुई और अब विगत दो महीने से रकम नहीं मिल रही है जिससे निवेशकों में हड़कंप मचा है किंतु वह किसी से कुछ कह नहीं रहे हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ निवेशकों ने एजेंट से पूछा तो उसके द्वारा कहा गया कि मैं रायपुर जा रहा हूं पता कर बताऊंगा। स्पष्ट है कि जब निवेशकों के पैसे डूबेंगे उन्हें प्रतिमाह के ब्याज अथवा लाभ की रकम नहीं मिलेगी तब वह पुलिस प्रशासन से जांच की मांग करेंगे और अपनी दयनीय स्थिति की गुहार लगाएंगे तब पुलिस प्रशासन के सामने भी यह सवाल उठेगा की इतना भारी निवेश होने के बावजूद उन्हें जानकारी क्यों नहीं मिली ,उनका इनपुट इतना सुस्त क्यों है अत: कोरिया जिले के नागरिकों के हित में प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेना चाहिए और एसपीडीएम कंपनी के संचालकों की गहन व सूक्ष्म जांच कर यह स्पष्ट किया जाना चाहिए की इस कंपनी कोरिया जिले से कितने लोगों के द्वारा कितनी राशि का निवेश किया गया है संभव हो तो लोगों को ठगी से बचने के लिए एक सार्वजनिक चेतावनी जारी की जाए।

**क्या है पोंजी स्कीम**

पोंजी स्कीम का आधार यह है कि नए निवेशकों का पैसा पुराने निवेशकों को दिया जाता है।जब नए लोग आना बंद कर देते हैं, तो पूरी स्कीम ढह जाती है और लोग अपनी पूरी पूंजी गंवा बैठते है और लोगों का पैसा डूब जाता है अप्रत्याशित रूप से हुई आर्थिक क्षति से कई बार निवेशकों का दुखद निधन भी हो जाता है।

**अशफ़ाकउल्ला का मामला**

एक चेतावनी! सूरजपुर जिले के शिव प्रसाद नगर में अशफ़ाकउल्ला ने लगभग तीन साल तक 10-20 प्रतिशत मासिक ब्याज देकर लोगों को भरोसे में लिया।शुरुआत में लोगों को पैसा मिला, जिससे उन्होंने और पैसा निवेश किया और अपने जानने वालों को भी जोड़ा। लालच में आकर लोगों ने लगभग 70 करोड रुपए का निवेश कर दिया मात्र 3 साल तक चलने के पश्चात आखिरकार जब स्कीम बंद हुई, और अशफ़ाकउल्ला बाहर भाग गया कई महीनो तक बाहर रहने के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस में उसे पकड़ कर जेल भेज दिया और हजारों निवेशकों का करोड़ों रुपया डूब गया अशफ़ाकउल्ला आज भी जेल में बंद है, लेकिन जिन लोगों की जिंदगीभर की कमाई लुट गई, उन्हें न्याय नहीं मिला।

**निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत**

कोई भी स्कीम जो बैंक की तुलना में कई गुना ज्यादा ब्याज देने का दावा करती है, वह निश्चित रूप से संदेहास्पद है। सरकार और प्रशासन को ऐसे मामलों की जाँच करनी चाहिए, ताकि लोग ठगी का शिकार न बनें। चरचा कालरी में चल रही SPDM कंपनी की कार्यशैली और निवेश पर दिए जा रहे भारी रिटर्न से यह साफ नजर आ रहा है कि यह भी एक बड़े घोटाले की ओर बढ़ रही है। मल्टी-लेवल मार्केटिंग के माध्यम से इस स्कीम को लंबा खींचने की कोशिश हो रही है, लेकिन अंत में इसका हश्र भी अशफ़ाकउल्ला के घोटाले जैसा ही होगा। प्रशासन को इस मामले की तुरंत जाँच करनी चाहिए और निवेशकों को भी समझदारी से काम लेना चाहिए, ताकि वे अपनी मेहनत की कमाई न गँवा बैठें। पुलिस प्रशासन को यह संज्ञान लेना चाहिए कि चर्चा कालरी क्षेत्र में स्थित इस एजेंट के माध्यम से अब तक कितने लोगों ने कितनी राशि का निवेश किया है प्राप्त जानकारी के अनुसार एजेंट के द्वारा चर्चा थाने को दी गई सूची में ऐसे नाम दिए गए हैं जो यहां के नहीं है सूची में यह भी उल्लेखित नहीं है कि उक्त लोगों के द्वारा कितनी राशि का कब निवेश किया गया है और उसे अभी तक कितना लाभ दिया गया है।

**भ्रामक पंपलेट से स्थानीय लोगों को किया गया भ्रमित**

एसडीएम कंपनी के द्वारा जारी पंपलेट में भ्रमित करने वाले कथन लिखे गए हैं जिससे सामान्य नागरिक गंभीरता पूर्वक नहीं समझ पाते हैं इस कंपनी के शेखचिल्ली के हसीन सपने दिखाते हुए भ्रामक स्लोगन में बढ़-चढ़कर उपलब्धि उल्लेखित किया है जैसे की 10000 लोगों को करोड़पति बनने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए एसडीएम को पुरस्कार और मान्यता दी जाएगी एसडीएम का रायपुर में 50000 वर्ग फुट का एक भव्य प्रधान कार्यालय होगा मुंबई में कार्पोरेट कार्यालय और भारत के शीर्ष मेट्रो स्टेशनों शहरों में शाखा कार्यालय होगा एसडीएम को भारत और दुनिया में नेटवर्क उद्योग में सबसे भरोसेमंद ब्रांड के रूप में मान्यता दी जाएगी एसडीएम का डेढ़ सौ से अधिक देशों में अंतरराष्ट्रीय परिचालन होगा जिसका मुख्यालय दुबई में होगा आदि हैं इस प्रकार उक्त सभी स्लोगन में तनिक भी सच्चाई नहीं है जमीनी ह कीकत से दूर सिर्फ भविष्य की काल्पनिक बातें कही गई है कंपनी के पास उपरोक्त कोई भी उपलब्धि नहीं है सिर्फ निवेशकों को भ्रमित करने के उद्देश्य लिखे गए हैं जो की पूरी तरह से धोखाधड़ी का कृत्य है।

**निवेशकों से अपील**

किसी भी स्कीम में निवेश करने से पहले सावधानी बढ़ाते हैं यदि कोई योजना बैंकों से कहीं अधिक रिटर्न का वादा कर रही हो तो उसमें धोखाधड़ी की आशंका को नजर अंदाज न करें अपनी मेहनत की कमाई सुरक्षित रखें और सोच समझकर निर्णय लें।

# ठेका मजदूरों की समस्याओं के समाधान हेतु सीटू यूनियन में उठाई आवाज

## महाप्रबंधक कार्यालय के सामने आज होगा धरना प्रदर्शन



**चरचा कालरी।** क्षेत्र की कोयला खदानों में कार्यरत ठेका मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आज 28 अप्रैल 2025 को कोयला श्रमिक संघ सीटू द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जावेगा उक्त जानकारी देते हुए सीटू यूनियन के क्षेत्रीय सचिव इंद्र देव चौहान ने कहा कि ठेका श्रमिकों का हाई पावर कमेटी का सिफारिश 1 जनवरी 2013 को की गई थी किंतु 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक ठेका श्रमिकों को एचपीसी का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है । गौरतलब है कि एचपीसी में समझौता मैं यह निर्णय लिया गया था की ठेका श्रमिकों को प्रतिवर्ष बोनस एक्ट के हिसाब से बोनस दी जाएगी, परंतु किसी भी वर्ष जायज बोनस का भुगतान ठेकेदार द्वारा नहीं किया जाता है। एसईसीएल प्रबंधन की जवाबदेही है की एच पी सी का पूरा पालन ठेकेदार से कराये। विगत कुछ समय से ठेका श्रमिकों के दुर्घटनाएं निरंतर खदानों में हो रही है इससे स्पष्ट है कि उनके साथ में नाइंसाफी हो रही है दुर्घटनाएं हो जाने के पश्चात दुर्घटना के बाद मिलने वाली पूरी सुविधाएं ठेका श्रमिकों को मिले इन तमाम मांगों को लेकर दिनांक 28 अप्रैल 2025 को धरना प्रदर्शन के माध्यम से महाप्रबंधक बैकुंठपुर को ज्ञापन सोपा जाएगा। अगर मांगे नहीं मानी जाती है तो भविष्य में ठेका श्रमिकों को लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। मेहनतकश ठेका मजदूर कोयला उद्योग की रीढ़ हैं ठेका श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान एवं उनके सुविधाओं में विस्तार हेतु सीटू यूनियन निरंतर प्रतिबद्ध है।

# बंबू राफ्टिंग के दौरान नदी में गिरे भाजपा नेता व स्वास्थ्य मंत्री का सुरक्षाकर्मी

**बैकुंठपुर।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के आमाखेरवा इलाके से गुजरने वाली हसदेव नदी में रिवर बम्बू राफ्टिंग का संतुलन अचानक बिगड़ गया। इसकी वजह से भाजपा के नेता और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सुरक्षाकर्मी पानी में गिर गए।



हालांकि पानी कम होने की वजह से कोई बड़ी घटना नहीं हुई। वहीं स्वास्थ्य मंत्री ने मुस्कुराते हुए कहा कि जो नेता पानी में गिरे, वे गर्मी के कारण मौज-मस्ती करने कूद गए थे। मैं तैराकी जानता हूं, डूबने का तो सवाल ही नहीं है। दरअसल हसदेव नदी में वन विभाग ने शनिवार को बम्बू राफ्टिंग की शुरुआत कराई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव, डीएफओ मनीष कश्यप सहित नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा, नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, भाजपा नेता राहुल सिंह और युवा नेता सभाजीत यादव के अलावा मंत्री श्याम बिहारी का एक सुरक्षा कर्मी 2 बम्बू नाव में सवार होकर नदी का भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान एक बम्बू राफ्टिंग का संतुलन गलत तरीके से बैठने के कारण अचानक बिगड़ गया। हादसे के बाद भाजपा नेता राहुल सिंह और सुरक्षाकर्मी पानी में गिर गए। जबकि सभाजीत यादव बम्बू में पलट गए और धर्मेन्द्र पटवा संतुलन बिगड़ता देख बाहर निकल गए। हालांकि पानी कम होने की वजह से कोई जनहानि नहीं हुई है। बम्बू राफ्ट में सवार नेता भी मान रहे है कि सही तरीके से नही बैठने के कारण संतुलन बिगड़ जाने से ऐसा हुआ है । पहले दिन ही बम्बू राफ्टिंग के दौरान भाजपा नेता और सुरक्षकर्मी पानी में गिर गए। आपको बता दें कि गोंडवाना मैरीन फासिल्स पार्क के शुभारंभ के बाद बम्बू रीवर राफ्टिंग हो रही थी, इसी दौरान यह घटना हुई। मामले में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यहां गर्मी बहुत है जो नेता डूबे थे, वे मौज मस्ती में कूद गए थे। वहीं उन्होंने बिना सुरक्षाकर्मी के नदी में राफ्टिंग करने पर कहा कि तैराकी में बहुत एक्सपर्ट हूं। लाइफ जैकेट पहने हुए था, इसलिए सुरक्षाकर्मी की जरूरत नही थी। डूबने पर मेरे सुरक्षाकर्मियों को मेरी जरूरत पड़ती।

## चोर निकला मानसिक रोगी

**धमतरी।** अरिहंत वाटिका कॉलोनी में एक व्यक्ति को बच्चा चोर समझकर मचे हड़कंप के बाद जब सच्चाई सामने आई तो मामला कुछ और ही निकला। दरअसल, वह व्यक्ति कोई अपराधी नहीं बल्कि मानसिक रोगी था।

# प्याऊ घर में किया शीतल शरबत गुड़ एवं खीरा का वितरण



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के परिसर में प्याऊ घर का संचालन विगत दो वर्षों से किया जा रहा है ,, जिसमें ग्रीष्मकल में अप्रैल एवं मई महीने में स्काउट गाइड के द्वारा प्रतिदिन सुबह 09.00 बजे से 05.00 बजे तक नि:शुल्क शुद्ध शीतल पेयजल एवं जन सहयोग के माध्यम से गुड़, खीरा, शरबत का वितरण किया जाता है। प्याऊ घर का शुभारंभ दिनांक 09 अप्रैल 2025 को उपाध्यक्ष जनपत पंचायत बैकुंठपुर प्यारेलाल साहू के सहयोग से किया गया,, इसी क्रम में 26 अप्रैल को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव जिला मुख्य आयुक्त देवेंद्र तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेंद्र कुमार गुप्ता के गरिमा में उपस्थिति में एम. एस. सुपर मार्ट के सौजन्य से शीतल शरबत, गड़ एवं खीरा का वितरण किया गया। इस दौरान जिला सचिव सुरेंद्र राजवाड़े, जिला संघ कोषाध्यक्ष रवि कुमार पांडेय, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, विकासखंड सचिव बैकुंठपुर शिव प्रताप सिंह, स्काउटर अजीम अंसारी, रवि प्रसाद बैगा सहित स्काउट गाइड मौजूद रहे।

# कन्हर नदी में जहर डालने से बड़ी संख्या में मर रही मछलियां

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज एनीकट के गेट खराब होने का तेजी से कन्हर नदी का पानी कम हो रहा है इस कारण मछली मारने के लिए लोग लगातार पानी में जहरीला पदार्थ डालकर मछली मार रहे हैं किस कारण सुबह शाम बड़ी संख्या में मछलियां मरी हुई देखी जा सकती हैं। जिस प्रकार से लगातार पानी में जहरीला पदार्थ डाला जा रहा है उसे पानी दूषित हो जाएगा एवं यह नगरवासियों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है समय रहते इस ओर प्रशासन को ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

गौरतलब है की मछली मारने के लिए विगत कई दिनों से लगातार नदी जहरीला पदार्थ डाला जा रहा है जिससे कुछ देर में मछलियां मर जाती हैं एवं फिर बाद में उन्हें बिन कर ले जाते हैं। पहले जब जहरीला पदार्थ डालते थे तो वह उतना खतरनाक साबित नहीं हो पा रहा था क्योंकि पानी का बहाव ठीक था परंतु इन्हीं एनीकट गेट खराब होने के कारण पानी तेजी से कम हो रहा है इस कारण से अब जहरीला पदार्थ डाला जा रहा है तो यह एनीकट में ही रह जा रहा है जिससे यह खतरनाक साबित हो सकता है। कन्हर नदी के पानी को लिफ्ट कर नगर पालिका परिषद के द्वारा पानी टंकी में जमा करके पूरे नगर में सप्लाई की जाती है ऐसे में पानी का दूषित होना खतरनाक साबित हो सकता है। मछली मारने के लिए पानी में जहरीला पदार्थ डालने वाले इसे बाज नहीं आ रहे हैं। नदी में जहरीला का पदार्थ डालने का सिलसिला तब तक नहीं रुकेगा जब तक मछली मारना पूर्णता यहां प्रतिबंध नहीं होगा। मछली मारने के लिए बहुत सारे लोग रात्रि 12 से सुबह तक आते रहते है। वही जगह-जगह लोग जहरीला पदार्थ डालकर मछली मार दे रहे हैं फिर कुछ देर में आकर उसे बिन ले रहे हैं।

प्रतिदिन कन्हर नदी में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के लोग स्नान करने पहुंचते हैं इसमें बड़ी संख्या बच्चों की भी रहती है। ऐसे में पानी के दूषित हो जाने से यहां स्नान करने वालों को भी परेशानी होगी। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि नदी में जहरीला पदार्थ डालकर मछली मारने वालों को कई बार नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों के द्वारा डाट डपट कर भगाया गया है।

यहां तक पुलिस को भी जानकारी देकर कार्यवाही कराई गई है। परंतु उसके बाद भी लोग ऐसा कर रहे हैं तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई कराई जाएगी।

# कृषक जग साय को प्राप्त हुआ किसान क्रेडिट कार्ड

## सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन का किया गया निराकरण

**सूरजपुर।** कृषक जगसाय द्वारा सुशासन तिहार के प्रथम चरण पर किसान क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन किया गया था। जिसका निराकरण द्वितीय चरण अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा किया गया। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने प्राप्त आवेदनों के समाधान कारक निराकरण हेतु दिशा निर्देश सभी विभाग प्रमुखों दिए थे। जिसके परिपालन में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री अभिषेक सिंह द्वारा सहकारी बैंक में आवेदक का खाता खुलवाते हुए, स्थानीय समिति सोनगरा में औपचारिक कागजी कार्रवाई पूर्ण की गई। जिसके परिणाम स्वरूप कृषक जगसाय को आवेदन की कुछ ही दिनों के पश्चात आज पंचायत भवन श्यामनगर में सरपंच और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में केसीसी कार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर कृषक श्री जग साय द्वारा जिला प्रशासन सूरजपुर और कृषि विभाग के सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उसने आशा जताई है कि अब उसे सभी तरह की कृषि आदान सामग्री और नगद राशि आसानी से प्राप्त होगी।

## करोड़ों की साइबर ठगी का पर्दाफाश

**रायपुर।** रायपुर रेंज साइबर थाना की टीम ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दिल्ली से तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# जिला अस्पताल सूरजपुर में नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन एवं सी.एम.एच.ओ. डॉ.के.डी. पैकरा एवं सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम के नेतृत्व में आज एक दिवसीय नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय सूरजपुर में किया गया था। जिसमें परामर्श हेतु नया रायपुर बालको मेडिकल सेंटर से विशेषज्ञ के रूप में डॉ. दिवाकर पांडे ने जिला अस्पताल सूरजपुर में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। नि:शुल्क कैंसर शिविर में आये हुए मरीजों का डॉ. दिवाकर पांडे (ऑन्कोलॉजिस्ट) द्वारा कैंसर के लक्षण के आधार पर परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 34 मरीजो का परीक्षण किया गया था। मरीजों को उनके लक्षण के आधार पर जांच एवं आगे की उपचार हेतु सलाह दी गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ,डॉ. संदीप जयसवाल, डॉ.राजेश पैकरा डॉ. वैभव गुप्ता का योगदान रहा।

# गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में हैंडपंपों की मरम्मत कार्य तेज, ९०९ हैंडपंप हुए दुरुस्त

**सूरजपुर।** आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए जिले में पेयजल संकट की आशंका के मद्देनजर कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार हैंडपंपों की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि हैंडपंपों की शिकायत मिलने के 3 दिनों के भीतर सुधार कार्य पूर्ण किया जाए। इसी क्रम में जिले के 6 विकासखंडों में हैंडपंप सुधार कार्य 1 अप्रैल 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक चलाया गया, जिसमें कुल 909 बंद पड़े हैंडपंपों को पुन: चालू किया गया।

ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रयासों से यह कार्य युद्धस्तर पर किया गया। हैंडपंप सम्बन्धी शिकायत मोबाइल नंबर और टोल फ्री नंबर के माध्यम से प्राप्त होते ही तत्काल टीम भेजकर हैंडपंपों की मरम्मत करवाई जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बताया गया कि हैंडपंप सुधार पखवाड़ा अंतर्गत शिकायत मिलने पर 3 दिनों के भीतर सुधार कार्य सुनिश्चित गया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पेयजल की कोई समस्या न हो। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड प्रेमनगर, सूरजपुर, भैयाथान, ओड़गी, प्रतापपुर एवं रामानुजनगर क्षेत्रों में बंद पड़े हैंडपंपों की जानकारी मिलते ही टीमों द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और स्थानीय लोगों को राहत प्रदान करने का प्रयास किया गया है। खराब हैंडपंपों की जानकारी विभाग के टोल फ्री नंबर 18002330008 एवं जिला सूरजपुर के विभिन्न विकास खण्डों में खराब हैंडपंपों की शिकायत हेतु बनाये गये नोडल को कर सकते हैं। समस्त विकासखण्ड के लिए प्रदीप खलखों (मों नं.6265964123) के साथ-साथ विकासखण्ड सूरजपुर/ रामानुजनगर प्रेमनगर के लिए व्ही. के. मिश्रा (मो. नं. 9425254247) विकासखंड भैयाथान/ प्रतापपुर के लिए डी.के. जैन (मो नं. 942543 7050), विकासखण्ड ओड़गी ए.के. एक्का (मों नं. 94242 58483), विकासखण्ड सूरजपुर के लिए अमित राय (मों नं. 799 9573705), विकास खंड रामानुजनगर के लिए राधिका उंजन (मों नं 82249 57822), विकासखण्ड प्रेमनगर के लिए एस.के. पाटले (मो नं. 8965 076171), विकासखण्ड प्रतापपुर के लिए विमलेस सिंह (मों नं. 9406029939), विकासखण्ड भैयाथान के लिए ज्ञानेश मिश्रा (मों नं. 9993889874), विकास खण्ड ओड़गी के लिए अविनाश मिंज (मों नं. 8770586537)



विकासखण्ड जिला स्तर पर शिकायत दर्ज करने हेतु अंकित एक्का (मों नं. 9516418776) से संपर्क कर सकते हैं।

# सीढ़ी से गिर कर जख्मी महिला को सरकारी अस्पताल में सुविधा नहीं, अब संजीवनी का सहारा

## निश्चेतना विशेषज्ञ की बनी हुई है कमी यहां

**कोरबा।** रामायण कालीन सुषैण वैद्य की कल्पना आप कलयुग में नहीं कर सकते लेकिन संजीवनी तो अभी भी है।चैतमा गांव की 60 वर्षीय अगहन बाई अपनी शारीरिक समस्या को ठीक करने के लिए अब घर पर ही जड़ी बूटियां का सहारा लेने को मजबूर है । बीते सप्ताह सीढ़ियों से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हुई इस महिला को कटघोरा के सरकारी अस्पताल में ना तो डॉक्टर मिला और ना उपचार। आर्थिक रूप से कमजोर महिला अपने प्राण संकट में फंसे नजर आए और उसने परंपरागत जड़ी बूटी को विकल्प के रूप में लिया है ।

भरोसेमंद सूत्रों ने बताया अगहन बाई के पैर में गिरने से गंभीर चोट आई थी, जिसकी वजह से उनके पैर की हड्डी टूट गई थी। परिजन उन्हें तत्काल कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उन्हें भर्ती तो कर लिया गया, लेकिन एक सप्ताह तक भी उचित उपचार नहीं मिल सका। परिजनों और खुद अगहन बाई का कहना है कि इलाज में लगातार टालमटोल की गई और ऑपरेशन के लिए लंबा



अपने घर पर ठीक होने की उम्मीद में अगहन बाई

इंतजार कराया गया। महिला के बेटे ने बताया कि निजी अस्पतालों का खर्च वहन करने में वे असमर्थ हैं, इसलिए अस्पताल से छुट्टी लेकर उन्हें घर वापस आना पड़ा। अब गांव में पारंपरिक जड़ी-बूटियों और देसी इलाज के सहारे उनकी देखभाल हो रही है।

अस्पताल प्रबंधन ने अपनी सफाई में कहा कि शुरू में अगहन बाई के शरीर में खून की कमी थी, जिसे खून चढ़ाकर ठीक किया गया। बावजूद इसके, ऑपरेशन नहीं हो सका, क्योंकि अस्पताल में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ मौजूद नहीं थे। डॉक्टरों के अनुसार, ऑपरेशन के लिए बुधवार की तारीख तय की गई थी, लेकिन एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की अनुपस्थिति के चलते ऑपरेशन की कोई गारंटी नहीं दी जा सकती थी। बताया गया कि अस्पताल में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ 1 मई को सेवाएं देंगे, तभी ऑपरेशन संभव हो सकेगा।

**पीड़िता को कर दिया चुप, परिजनों का आरोप**

कटघोरा स्थित कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में हड्डी रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता भले ही राहत की बात हो, लेकिन एनेस्थीसिया डॉक्टर जैसे बुनियादी सुविधा के अभाव ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अगहन बाई जैसी बुजुर्ग मरीज, जो पूरी तरह से सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर थीं, को इलाज के अभाव में घर लौटने को मजबूर होना पड़ा, जो एक बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।परिजनों का आरोप है कि जब उन्होंने मीडिया के माध्यम से अस्पताल की अव्यवस्था उजागर करने की कोशिश की, तो डॉक्टरों ने उनसे अभद्र व्यवहार किया। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि अस्पताल प्रशासन समस्या के समाधान की बजाय पीड़ितों को चुप कराने में ज्यादा रुचि रखता है।

## डोकरमना की युवती को लेमरू पुलिस ने खोजा पुणे में

**कोरबा।** लेमरू पुलिस ने अपनी कोशिश से एक लापता युवती को आखिरकार महाराष्ट्र के दूसरे बड़े शहर पुणे में खोज निकाला। उसे अपने साथ गांव लाया गया और परिजनों के सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि डोकरमना गांव की 20 वर्षीय युवती 9 महीने पहले लापता हो गई थी। परिजनों ने यहां वहां तलाश की और नहीं मिलने पर पुलिस को सूचित किया। स्विच ऑफ और आउट का आर्डर बताता रहा। कई स्तर पर खोजबीन के दौरान जानकारी प्राप्त होगी युवती महाराष्ट्र के पुणे शहर में है। इस आधार पर एक टीम रावण की गई। वहां यूपी से संपर्क हुआ और पूछताछ हुई जिसमें पता चला कि उसने किसी युवक से विवाह कर लिया है और उसके साथ रह रही है। पुलिस ने प्रक्रियाओं के तहत युवती को रिकवर किया और उसे अपने साथ गांव लेकर आई। उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया है। इस तरह से गुम इंसान मामले में लेमरू पुलिस ने अपनी ओर से प्रक्रिया पूरी करते हुए इस प्रकरण को अब फाइल कर दिया है ।

## संगोष्ठी में शामिल होंगे विधायक पटेल

**कोरबा।** एक देश एक चुनाव को लेकर पूरे देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी तारतम्य में एक कार्यक्रम ग्राम जुरानी में आयोजित किया गया है। पटेल समाज व भाजपा के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटले शामिल होंगे।



## सीतामढ़ी से बाइक रैली और शोभायात्रा कल

**कोरबा।** सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान परशुराम के प्राकट्य उत्सव को धूमधाम से बनाने के लिए कोरबा नगर में तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। कोरबा नगर के अलावा उपनगर क्षेत्र में भी समाज ने कार्यक्रम की रचना की है। उत्सव की पूर्व संध्या कोसाबड़ी हनुमान मंदिर से बाइक रैली और शोभायात्रा निकाली जाएगी। काफी संख्या में उपस्थिति को लेकर प्रबंध किए जा रहे हैं।

ब्राह्मण समाज की ओर से बताया गया है कि हनुमान मंदिर से 29 अप्रैल की शाम 4.00 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी। समाज का यूथ विंग इस आयोजन को कर रहा है। बाइक और स्कूटी इसमें शामिल होंगी। रैली का मार्ग हनुमान मंदिर मुख्य मार्ग होते हुए घंटाघर होगा। रास्ते में कई जगह रैली का स्वागत होगा । इसके लिए समाज की ओर से जिम्मेदारी तय की गई है। बताया गया कि इसी दिन शाम 5 बजे कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें भगवान परशुराम के कटआउट के साथ कई झांकियां का समावेश होगा। विभिन्न प्रसंगों पर आधारित होगी और इसके माध्यम से व्यापक संदेश देने की कोशिश की जाएगी। सर्व ब्राह्मण समाज ने इसके लिए आवश्यक प्रबंध किए हैं।

30 अप्रैल को भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से संपन्न होगा। एसईसीएल हेलीपैड मार्ग स्थित विप्र वाटिका में मुख्य समारोह का आयोजन इस अवसर पर होना है। विधि पूर्वक पूजा अर्चना के साथ यहां विभिन्न कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे।

# कोलफील्ड्स में सक्रिय हुए डीजल चोर, 2 गिरफ्तार



**कोरबा।** कुछ दिनों से कोरबा जिले के कोलफील्ड में चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। लगातार ऐसे मामले प्रकाश में आ रहे हैं । साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की सूचना पर कार्रवाई की गई। कुसमुंडा और चैत्मा क्षेत्र के रहने वाले दो आरोपियों को इस सिलसिले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 210 लीटर डीजल और दो गाड़ियां जब्त की गई है।

दीपिका पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। उमाकांत सारथी और अनुराग रजक को इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से ?20000 कीमत का 210 लीटर डीजल प्राप्त हुआ है जो 6 जरीकेन में मिला। आरोपियों के द्वारा उपयोग में लाई गई बोलोरो कैंपर संख्या सीजी 16 सीपी 8988 और बुलेट क्रमांक सीजी 12 बीआर 9762 को भी जप्त किया गया है। दीपिका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि सीसीएल की ओर से खदानों में बढ़ती चोरियों के बारे में अवगत कराया गया था जिस पर संज्ञान लिया गया। आसपास में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई। लोकल इंटेलिजेंस से मिले इनपुट के आधार पर एएसआई जितेश सिंह, खगेश राठौर और टीम को हमने एक्टिव किया जिसने एक इलाके में इस नजारे को देखा। इस प्रकरण में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को लगता है कि कोई सिंडिकेट इस प्रकार की घटनाओं के पीछे काम कर रहा है। उस तक पहुंचने के लिए आवश्यक कोशिश की जा रही है। इससे पहले भी दीपिका पुलिस की ओर से डीजल चोरी के अनेक मामलों में कार्रवाई की गई है।

**सुरक्षा प्रबंध पर उठ रहे सवाल**

सबसे बड़ा सवाल इस बात का है कि आखिर खदान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड हर महीने बड़ी धनराशि खर्च कर रहा है फिर उसका क्या मतलब? बड़ी संख्या में सिक्योरिटी मैनपॉवर डेप्लॉय करने के बावजूद अराजक तत्वों की उपस्थिति खदान इलाके में दर्ज होना अपने आप में सवाल खड़े करती है। कहा जा रहा है कि जब हर रास्ते पर चेक पॉइंट बने हुए हैं और जांच पड़ताल के बाद ही कर्मचारी और प्रबंधन की गाड़ियां आगे जा सकती है तो फिर चोर कौन से गुप्त रास्ते का उपयोग कर रहे हैं। अगर इन्हें भीतर पहुंचने में आसानी हो रही है तो फिर दाल में काला तो है ही।

**कार ने मिक्सर मशीन को ठोका 10 घायल**



उमरेली सिवनी रोड पर खड़ी मिक्सर मशीन को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दिया। कार में सवार चार लोगों सहित 10 लोग इस दुर्घटना में घायल हो गए ।सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से चांपा ले जाकर भर्ती करा दिया गया है

# बी टाइप कॉलोनी के कई आवास अपात्रों को

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के दीपिका क्षेत्र में भले ही कर्मचारियों को रहने के लिए आवास नहीं है लेकिन बी टाइप कॉलोनी के कई वासन में अपात्र लोगों का कब्जा है । नेताओं की सिफारिश पर इस प्रकार का काम अधिकारी या तो आवश्यक रूप से कर रहे हैं या फिर मजबूरी में । सूत्रों ने बताया कि ऐसे मामलों में ट्रेड यूनियनों की हाउसिंग कमेटी का कोई असर नहीं पड़ रहा है।

कोल इंडिया की सहायक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के दीपिका क्षेत्र में रेजिडेंशियल कॉलोनी का निर्माण इस इरादे से कराया गया है कि पात्रता के आधार पर कर्मचारी को आवास का आवंटन किया जाए। सेवा शर्तों में इसे शामिल किया गया है और इस नाते सुविधा दी जानी जरूरी है। लेकिन इससे अलग हटकर पिछले काफी समय से प्रगति नगर स्थित टाइप कॉलोनी मैं अंधेरगर्दी बनी हुई है। खबर के अनुसार यहां पर प्रबंधन के द्वारा अज्ञात कारणों से ऐसे लोगों को विभागीय आवास की सुविधा दे दी गई है जिनका कोई लेना-देना नहीं है। अफसर के पास केवल यही तर्क है कि फलाने नेताजी ने रिकमंड किया था, इसलिए यह सब करना पड़ा। लेकिन प्रबंधन यह नहीं बता रहा है कि जो दूसरी समस्याएं हैं उनका निराकरण करने के पास दिक्कत क्या है। दिखावे के लिए प्रबंधन के द्वारा हाउसिंग कमेटी जरूर बनाई गई है लेकिन उसके द्वारा लिए गए निर्णय और दिए जाने वाले सुझाव पर कितना क्रियान्वयन होता है यह अधिकारी भली भांति जानते हैं। प्रबंधन की दोहरी नीति के चक्कर में ट्रेड यूनियन और हाउसिंग कमेटी के प्रतिनिधि हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

**दागियों को भी सुविधा**

जानकार सूत्रों ने बताया कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड दीपिका क्षेत्र की प्रगति नगर कॉलोनी में कई दागियों को भी नेताओं की अनुशंसा पर मुफ्त की आवास सुविधा मिली हुई है। इनमे कुछ ऐसे लोग भी इंवॉल्व बताए जा रहे हैं, जिन पर एसईसीएल में अनुबंध चार पहिया गाड़ियों के चालको के वेतन की राशि का बड़ा हिस्सा डकारने का आरोप है। लंबे समय से इस मामले की चर्चा यहां पर है और कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी के प्रवास के दौरान भी हेलो इस बारे में दस्तावेज भी सौपे हैं। इनके अलावा और भी ऐसे कई ठेकेदार हैं जिन्हें अफसरो ने उपकृत करने के लिए व्यक्तिगत रूप से दिलचस्पी ली है।

## कार्यक्रम में शामिल हुए प्रभारी साहू

**कोरबा।** भाजपा के जिला प्रभारी गोपाल साहू के छुरी पहंचने पर उनका भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया । वें मन की बात सुनने के लिए छुरी आए हुए थे। यहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मन की बात सुनी । इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष पदमिनी देवांगन ,प्रीतम देवांगन, हीरानंद पजवानी,डेकरान्त देवांगन, टिकैत डोंगरे , रमेश श्रीवास शमजीत सिंह, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सब स्टेशन की कछुआ चाल से जल और बिजली आपूर्ति बाधित

**कोरबा।** कसनिया सब स्टेशन के निर्माण में हो रही देरी से आसपास के इलाके में जल प्रदाय और विद्युत प्रलय की समस्या बनी हुई है।

खबर के अनुसार कटघोरा सब स्टेशन में तीन ट्रांसफार्मर लगे हैं, जिनमें प्रत्येक की क्षमता 5 एमवीए है। कुल मिलाकर 15 एमवीए की क्षमता के ट्रांसफार्मर यहां कार्यरत हैं। इनमें से एक 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर टाउन-1 और टाउन-2 फीडर को आपूर्ति करता है । टाउन-1 फीडर अग्रसेन भवन से लेकर चकचका पहाड़ और छिर्रा रोड तक विस्तारित है, वहीं टाउन-2 फीडर से पुरानी बस्ती, कारखाना और कसनिया क्षेत्र को बिजली आपूर्ति होती है। दोनों ही फीडर वर्तमान में अत्यधिक ओवरलोड हो चुके हैं, जिससे बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है।

ओवरलोड की समस्या को कम करने के लिए बिंझरा के पावर ट्रांसफार्मर से पुरानी बस्ती, कारखाना, कसनिया, कापू बहरा और जुराली क्षेत्र की लाइनें जोड़ी गई हैं। इससे लाइन की लंबाई काफी बढ़ गई है, जिसके कारण लगातार ट्रिपिंग हो रही है। इसी लाइन से वार्ड क्रमांक 15 स्थित पंप हाउस को भी पानी आपूर्ति के लिए बिजली मिलती है। बिजली बाधित होने के कारण पंप हाउस से जल आपूर्ति भी रुक गई है, जिससे नागरिकों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि सभी स्टेशन निर्माण के कार्य को समय सीमा में करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन लंबा समय गुजारने पर भी ऐसा नहीं हो सका। इस मामले में प्रोजेक्ट मैनेजर का कहना है कि खामियों को दिखाया जा रहा है।



**कोरबा ।** जिला भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष गोपाल मोदी पहली बार दीपिका मंडल पहुंचे। स्थानीय पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से उन्होंने भेंट की। कार्यकर्ताओं ने श्री मोदी का उत्साह के साथ स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने यहां कहा की वे सदैव जमीन से जुड़कर काम करते रहे हैं और नई भूमिका मिलने के बाद उनकी जिम्मेदारी और बढ़ गई है।

# गेवरा बस्ती क्षेत्र में पेयजल की समस्या

**कोरबा।** एसईसीएल के गेवरा बस्ती क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। नल से पर्याप्त मात्रा में पानी नही मिल पा रहा है। वार्ड पार्षद तेज प्रताप ने नगर पालिका बांकी मोंगरा से टेंकर से जलपआपूर्ति करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस मांग के बाद टेंकर लाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। वर्तमान में कुसमुंडा परियोजना के द्वारा समस्या बढ़ने पर अचानक टेंकर से जलआपूर्ति की जाती है। जबकि पहले प्रतिदिन टेंकर से जलआपूर्ति होती थी। खदान क्षेत्र होने के कारण जल स्तर नीचे चला गया है। जिसके काण हैंडपंपं व कुए से पानी नही निकलता। इस क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुलभ बनाए जाने की जरूरत है



ग्रामीण जनों को ठीक से पानी नही मिलने के कारण दिक्कते हो रही है। क्षेत्र के सभी पार्षद इस दिशा में प्रयास कर रहै।

# रीवाबहार मे पुलिस ने सुलझाए लोगों के मसले



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन का वातावरण बनाने की तैयारी में है। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहाड़ में लोगों से ऑफलाइन और ऑनलाइन मॉड्यूल में आवेदन लिए गए। अब उनका निराकरण कराया जा रहा है। करतला पुलिस ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों द्वारा दिए गए आवेदनों पर हल निकाला और राहत दी।थाना प्रभारी केके वर्मा के नेतृत्व में टीम के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए लोगों के मसले सुलझाने का काम किया जा रहा है। इस श्रृंखला में रीवाबहार लबेद में कैंप लगाया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी यहां उपस्थित रहे। यहां से प्राप्त समस्या और मांगों के आवेदन के अंतर्गत पुलिस ने निराकरण की दिशा में प्रयत्न किया। पुलिस ने बताया कि सामान्य श्रेणी के मामलों का निराकरण फौरी तौर पर किया गया। जबकि जो मामले जटिल प्रकृति के थे, उनके बारे में लोगों को जानकारी दी गई थी इनका निराकरण कैसे किया जाएगा। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को कई विषयों के बारे में जानकारी दी। उन्हें बताया जा रहा है कि आदर्श जीवन के क्या फायदे हो सकते हैं और व्यर्थ के मामलों में उलझने से समय भी खराब होगा और जिंदगी तनाव में उलझ सकती है।

## जिला पंचायत की बैठक में किसानों की समस्याओं पर होगी चर्चा

**कोरबा।** आज जिला पंचायत की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जिलाध्यक्ष अपने अपने क्षेत्रों की समस्याओं को सामने रखेंगे। किसानों को रही परेशानी व मुआवजा को लेकर चर्चा होगी हाथी प्रभावित क्षेत्र के किसानों के फसल बरबाद हुआ। सिंचाई के साधनों के संबंध में सवाल पूछे जाएगें । बैठक में जिलापंचायत अध्यक्ष डा. पवन सिंह ,विनीता जायसवाल ,सुष्मिता अनंत विनोद यादव उपस्थित रहेंगे।

## गड्ढों के चक्कर में हादसे

**कोरबा।** गुरूघासीदास तिराहा ट्रांसपोर्ट नगर में बने हुए गड्ढे का हादसे का कारण बनते जा रहे हैं। हर दिन यहां ऐसे नजारे देखने को मिल रहे हैं।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com